

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक राष्ट्रीय संस्करण RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्षः 1 अंकः 339 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 29 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## चंद्रयान-3 के रोवर प्रज्ञान ने वह कर दिखाया जो...;

### ISRO चीफ सोमनाथ ने दी खुशखबरी, आगे का प्लान भी बताया

नई दिल्लीः इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रमुख एस. सोमनाथ ने गुरुवार को कहा कि भारत के मून मिशन ह्यचंद्रयान-3' के रोवर 'प्रज्ञान' ने वह काम कर दिया है जो इससे किये जाने की अपेक्षा की गई थी और यदि यह वर्तमान निष्क्रिय अवस्था (स्लीप मोड) से सक्रिय होने में विफल रहता है तो भी कोई समस्या नहीं होगी. दरअसल, इसरो चीफ गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में सोमनाथ मंदिर दर्शन करने गये थे और इसके बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी अब एक्सपीओसैट या एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह प्रक्षेपण के लिए तैयारी कर रही है और यह प्रक्षेपण नवंबर या दिसंबर में किया जा सकता है.

चंद्रमा पर वर्तमान में 'प्रज्ञान' के स्लीप मोड या निष्क्रिय अवस्था में होने की स्थिति पर इसरो प्रमुख ने कहा कि चंद्रमा पर तापमान शून्य से लगभग 200 डिग्री सेल्सियस नीचे जाने पर अत्यधिक




प्रतिकूल मौसम के कारण इसके इलेक्ट्रॉनिक सर्किट अगर क्षतिग्रस्त नहीं हुए हैं, तो यह फिर से सक्रिय हो जायेगा. उन्होंने कहा, ह्यअगर यह सक्रिय नहीं हुआ तो भी ठीक है क्योंकि रोवर ने वह काम कर दिया है जो इससे करने की अपेक्षा की गई थी.'

इसरो ने पिछले सप्ताह कहा था कि चंद्रमा पर सुबह होने के साथ ही 'चंद्रयान-3' के सौर ऊर्जा से संचालित लैंडर 'विक्रम' और रोवर 'प्रज्ञान' के साथ संपर्क स्थापित कर इन्हें फिर से सक्रिय करने का प्रयास कर रहा है ताकि वे वैज्ञानिक प्रयासों को जारी रख सकें. चंद्रमा पर रात होने से पहले, लैंडर और रोवर दोनों क्रमशः चार और दो सितंबर को निष्क्रिय अवस्था में चले गये थे.

इसरो चीफ सोमनाथ ने आगामी मिशन के बारे में कहा कि इसरो अब एक्सपीओसैट या एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह के लिए तैयारी कर रहा है. उन्होंने कहा, 'यह एक्सपोसैट तैयार है और इसे हमारे पीएसएलवी रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जायेगा. हमने अभी तक किसी तारीख की घोषणा नहीं की है, लेकिन इसका प्रक्षेपण नवंबर या दिसंबर में किया जा सकता है.' सोमनाथ ने कहा कि एक और मिशन 'इन्सैट-3डीएस' की भी तैयारी है, जो एक जलवायु उपग्रह है और जिसे दिसंबर में प्रक्षेपित किया जायेगा.

उन्होंने कहा, 'फिर हम एसएसएलवी डी3 का प्रक्षेपण करेंगे. जैसा कि आप जानते हैं यह हमारा लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान है. यह तीसरा प्रक्षेपण है. यह प्रक्षेपण नवंबर या दिसंबर में किया जायेगा. इसके बाद नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार या निसार की बारी आयेगी. इसे अगले साल फरवरी में प्रक्षेपित किया जायेगा.' उन्होंने कहा कि 'गगनयान' मिशन के परीक्षण यान 'डी1' का प्रक्षेपण अक्टूबर में किया जायेगा.

## पूर्व क्रिकेटर वीरेन्द्र सहवाग के भाई को कोर्ट ने किया भगोड़ा घोषित

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण**
**पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, सितम्बरः* भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज वीरेन्द्र सहवाग के भाई विनोद सहवाग के विरुद्ध चण्डीगढ़ के मनीमाजरा क्षेत्र थाना में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में विनोद सहवाग के साथ 2 अन्य व्यक्तियों पर भी यही मामला है।

चण्डीगढ़ पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन तीनों के खिलाफ पुलिस ने आईपीसी की धारा 174-ए(1974 के अधिनियम 2) धारा 82 के तहत मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला चेक बाउंस से जुड़ा हुआ है। चण्डीगढ़ की जिला अदालत इन तीनों को भगोड़ा घोषित कर चुकी है। यह भी बताया जा रहा है कि केस दर्ज करने में आनाकानी करने वाले एस एच ओ को लाइन हाज़िर



कर दिया गया है।

हरियाणा के रोहतक में गाँव बहादुरगढ़ के पास जाल्टा फूड्स एण्ड बिवरेजिस नामक फैक्टरी है। इस फैक्टरी में प्लास्टिक की बोतलों में जलजीरा, कोल्ड ड्रिंक्स भरने का काम किया जाता है। इस फैक्टरी में पूर्व क्रिकेटर वीरेन्द्र सहवाग के भाई विनोद सहवाग, हैवेंट सुधीर मल्होत्रा और विष्णु मितल की पार्टनरशिप है। यह फैक्टरी हिमाचल प्रदेश के बद्दी स्थित नैना प्लास्टिक फैक्टरी से बोतलें खरीदा करती थी। आरोपी कम्पनी जाल्टा फूड्स ने शिकायत करने वाले नैना प्लास्टिक के मालिक को चैक दिया। लेकिन जब उन्होंने वह चैक भुगतान करने के लिए बैंक में लगाया तो वो बाउंस हो गया। इसके बाद शिकायत करने वाले ने आरोपी कम्पनी के संचालकों के खिलाफ अदालत में चेक बाउंस का केस दायर किया। अदालत ने जिन आरोपी संचालकों को भगोड़ा घोषित कर दिया है, उनमें वीरेन्द्र सहवाग का भाई विनोद सहवाग भी शामिल हैं।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के 30 सितंबर को रामपुर आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

**शावेज अहमद/ समाज जागरण**

रामपुर।भारतीय जनता पार्टी की जनप्रतिनिधियों एवं जिला पदाधिकारी की बैठक राम विहार स्थित जिला कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक में जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू ने बताया कि जतिन प्रसाद कैबिनेट मिनिस्टर लोक कल्याण विभाग प्रातः 10:00 बजे कोसी मंदिर रोड पर उत्सव पैलेस में सभा को संबोधित करेंगे उनके कार्यक्रमों के बारे में तैयारी पूर्ण कर ली गई है । उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दिनांक 30 सितंबर को प्रातः 10:30 बजे रामपुर आ रहे हैं। उनके आगमन के वारे में चर्चा करते उनके कार्यक्रम के बारे में विस्तृत



रूप से चर्चा गई।

उक्त बैठक में सांसद घनशाम सिंह लोधी, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, विधायक आकाश सक्सेना, पैक्सफेड चेयरमैन सूर्य प्रकाश पाल, मोहनलाल सैनी, अभय गुप्ता, रविंद्र सिंह रवि, राजीव मांगलिक, अशोक बिश्नोई, हरीश गंगवार, सतनाम सिंह, बीना भारद्वाज, कुलवंत औलख, मोहन लोधी, अनुज सक्सेना, पंकज लोधी, अवधेश शर्मा, राजू शर्मा, सुरेश गंगवार, आदि उपस्थित थे।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm

## महाआरती के अंतिम दिन पहुंचे लोजपा नेता प्रकाश चन्द्रा व भाजपा नेता प्रमोद चन्द्रवंशी

**दैनिक समाज जागरण**
**प्रेम कुमार प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार) हसपुरा प्रखंड मुख्यालय स्थित भास्कर नगरी में श्री गणपति पूजा उत्सव कमिटी के द्वारा श्री राम-जानकी धर्मशाला में स्थापित गणेश जी की प्रतिमा के दर्शन करने व महाआरती में पहुँचे लोजपा नेता सह समाजसेवी हैंड्स औफ प्रकाश चन्द्रा एवं भाजपा नेता प्रमोद सिंह चन्द्रवंशी। इनके साथ एम. एल. सी प्रतिनिधि राघव सिंह,पूर्व जिला पार्षद उपाध्यक्ष संजय सोम, पूर्व मुखिया विजय कुमार अकेला,कौशल शर्मा , डॉ. विपिन , मलहारा मुखिया संतोष शौंडिक,विनोद सिंह, चिंटू मिश्रा आदि गणमान्य लोग शामिल हुए।डॉ. प्रकाश चन्द्रा एवं चन्द्रवंशी ने पूजा अर्चना के दौरान क्षेत्र व प्रदेश में सुख शांति अमन चैन के लिए प्रार्थना किया। उन्होंने कहा की भगवान में सबसे श्रेष्ठ गणेश जी को ही माना जाता है, इनकी पूजा करने से बुद्धि का प्रकाश होता है। इस उत्सव में सभी अतिथिगणों को कमिटी के द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया ! बता दें की गणेश चतुर्थी के अवसर पर दस



दिवसीय पूजा पाठ आरती का कार्यक्रम चलता है, जिसमें प्रतिदिन मुख्य श्रोता विशाल कपूर ने ससमय पंडित पमपम जी के सानिध्य में विधिवत पूजा किया !

शाम की महाआरती के बाद पलक , गुनगुन , सृष्टि, नैना , रिद्धि , आव्या आदि छात्राओं ने तलवारबाजी एवं भक्ति गाने पर डान्स कर सभी आये हुए अतिथियों, महिलाओं, श्रद्धालुओं का मन मोह लिया ! कमिटी के अध्यक्ष पिन्टू चौधरी, उपाध्यक्ष मुरारी केशरी,सचिव सौरभ ज्वाला , कोषाध्यक्ष जेपी गुप्ता,उप सचिव गोलू सत्या, महेश कुमार, अभिषेक शौंडिक , अविनाश कुमार, राजू भारती, घनश्याम चौरसिया, राजा बाबू, विनोद पटेल आदि कमिटी के सदस्यों ने सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया!

## राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत नोएडा सेक्टर 122 में पोषण उत्सव का किया गया आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण**

डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा सेक्टर 122 में पोषण उत्सव का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने बताया कि आयोजित पोषण उत्सव में पोषण संबंधी पोस्टर्स, रंगोली के माध्यम से पोषण के संदेश जन समुदाय में प्रसारित किए गए। पोषण उत्सव में 9 महिलाओ की गोदभराई, 9 बच्चो का अन्नप्राशन किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा श्री अन्न से निर्मित व्यंजनों की प्रदर्शनी लगा लोगो को दैनिक आहार में श्री अन्न को सम्मिलित करने के लिए




सलाह दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया गया। गर्भवती महिलाओ एवं धात्री महिलाओ को संतुलित आहार एवं पर्याप्त आराम की सलाह दी। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना शहर की मुख्य सेविकाओं सहित भारी मात्रा में आंगनवाड़ी वर्कर्स उपस्थित रही। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी नोएडा ने रामलीला के मंचन के लिए कराया भूमि पूजन

**दैनिक समाज जागरण**

नोएडा । सेक्टर 46 स्थित रामलीला मैदान में श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी के द्वारा बृहस्पतिवार को भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर शहर की गणमान्य लोगों के अलावा भाजपा, सपा , कांग्रेस आदि पार्टियों के पदाधिकारी भारी संख्या में मौजूद रहे।

कमेटी के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने कहा की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेक्टर 46 के रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन किया जाएगा । उन्होंने बताया कि इस बार की रामलीला में कई ऐसे कलाकार भाग ले रहे हैं जिनके द्वारा बेहतर रामलीला का मंचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रामलीला महोत्सव का मंचन 15 से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा, 15 अक्टूबर को गणेश पूजन के साथ रामलीला मंचन का शुभारंभ होगा ।

वही 24 अक्टूबर को रावण दहन किया जाना है, पंडित कृष्ण स्वामी ने विधि विधान से गणेश के आवाहन के साथ नवग्रह पूजन कराया, उसके उपरांत भगवान राम लक्ष्मण सीता जी और हनुमान जी का पूजन कराया गया आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया और उसके साथ-साथ वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन और कुमारी पूनम सिंह ने रामलीला स्थल पर हनुमान जी की पताका भी स्थापित की गई

भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में दर्जा प्राप्त मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, नोएडा महानगर अध्यक्ष भाजपा मनोज गुप्ता ,विकास बंसल , फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, कुलदीप गुप्ता, राधा कृष्ण गर्ग ,नरेश कुशल, अशोक श्रीवास्तव ,विनोद शर्मा , योगेंद्र चौधरी, राजीव त्यागी, अरुण गोयल,विकास जैन , ,राजकुमार बंसल



,प्रेम सिह, डॉक्टर एसपी जैन, वी राणा, ललित सिंगल ,डॉ एके त्यागी, ए के पांडे ,दीपेंद्र प्रताप सिंह ,रामकुमार तंवर ,सत्येंद्र शर्मा, पवन शर्मा ,हरेंद्र गुर्जर ,
सुनील चौधरी, राकेश यादव ,सुबे यादव, दीपक बिग, सतपाल यादव, आश्रय गुप्ता, विकास यादव ,मनोज चौहान, मनोज गोयल, बाबूलाल बंसल,
मनदीप गर्ग ,अंकित जैन, संयम जैन, दीपांशु अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल, तुषार गोयल ,वेदांत अग्रवाल, मनीत अग्रवाल,रविकांत मिश्रा ,नरेंद्र चोपड़ा, राजकुमार अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल,
मनोज अग्रवाल, राजेंद्र जैन, कुमारी पूनम सिंह ,अशोक गोयल ,संदीप अग्रवाल ,संजय गोयल, रामवीर यादव, गौरव यादव ,गिर्राज अग्रवाल, भूपेंद्र मित्तल, प्रदीप अग्रवाल, अनुज गुप्ता ,कुलदीप गुप्ता, सौरव डायमंड, मुकेश गुप्ता, मनोज अग्रवाल, अनिल गुप्ता ,चंद्रशेखर अग्रवाल, शंकर मोदी ,आर एस अग्रवाल, गिरीश कपूर ,मनोज ,सुभाष भाटी, गौरव सिंघल,राजीव अग्रवाल, विकास बंसल, राम रतन शर्मा, राजेश जिंदल, मीनाक्षी, देवेंद्र त्रिपाठी, राकेश सलूजा ,महावीर गोयल ,बीएल शर्मा ,महेंद्र शाह, वीरेंद्र गर्ग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## World Cup में आर अश्विन की सरप्राइज एंट्री, अक्षर को किया रिप्लेस, 12 साल पहले की यादें होंगी ताजा

नई दिल्ली. वर्ल्ड कप की शुरूआत में हफ्तेभर का समय है और टीम इंडिया के स्टार स्पिनर आर अश्विन की तकदीर उनपर मुस्कुराती चुकी है. वो अश्विन जो वनडे क्रिकेट से दूर होते नजर आ रहे थे, अब वर्ल्ड कप में सरप्राइज एंट्री मार चुके हैं. इस बात की पुष्टि आईसीसी ने एक्स पर की. एशिया कप के दौरान टीम इंडिया के हरफनमौला खिलाड़ी अक्षर पटेल इंजरी का शिकार हो गए थे, जिसके चलते अश्विन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में मौका मिला. सीरीज के बाद अब अश्विन को वर्ल्ड कप स्क्वाड में भी जगह मिल चुकी है.




ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से पहले अश्विन ने आखिरी वनडे जनवरी 2022 में खेला था. उन्होंने 1.5 साल बाद वनडे में वापसी की और ऑस्ट्रेलिया को अपनी फिरकी से परेशान किया. उन्होंने कंगारू टीम के खिलाफ 2 मैच खेले जिसमें उन्होंने 4 विकेट अपने नाम किए थे. अश्विन के अलावा युवा ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को भी आजमाया जा रहा था लेकिन इस जंग में अनुभव को प्राथमिकता दी गई है. आईसीसी ने सभी टीमों के लिए स्क्वाड बदलने की आखिरी तारीख 28 सितंबर रखी थी. भारत ने समय रहते वर्ल्ड कप में बदलाव कर दिया है.

### 2011 वर्ल्ड कप स्क्वाड का थे हिस्सा

आर अश्विन इस बार 12 साल पहले की यादा ताजा करने के लिए तैयार हैं. 2011 वर्ल्ड कप में भी अश्विन टीम इंडिया का हिस्सा थे. उन्होंने टीम इंडिया की खिताबी जीत का जमकर लुत्फ उठाया था. वर्ल्ड कप 2023 के वार्म अप मैच के लिए अश्विन सहित पूरी टीम गुवाहटी पहुंच चुकी है.

# के जी ने गलत क्या कहा ?

**दैनिक समाज जागरण**

माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति केजी सुरेश की पत्रकारिता में गिरावट को लेकर की गयी टीप को रेखांकित कर प्रो विजयबहादुर सिंह ने कोई मूर्खता नहीं की,जो ऐसा कहते हैं वे विद्वान हो सकते हैं इसमें मुझे संदेह है ,क्योंकि न केजी सुरेश गलत हैं और न सिंह साहब।

सिंह साहब की फेसबुक दीवार पर टांकी गयी इस टीप के बाद मैंने अनेक विद्वान साथियों की प्रतिक्रियाएं पढ़ीं। पहले तो सोचा जाने दीजिये,कौन गपड़तान में पड़े,लेकिन फिर ख्याल आया कि मौन धारण करना उचित नहीं है ।

मित्रों की जानकारी के लिए सूचित कर दूँ कि मै हिंदी पत्रकारिता का एक अनाम छात्र हूँ ,किन्तु मेरा सौभाग्य है कि मुझे देश के तमाम नामचीन पत्रकारों से मन्त्र हासिल करने का अवसर मिला है। इस बिना पर मै कह सकता हूँ कि केजी सुरेश ने पत्रकारिता में गिरावट के लिए जो कारण बताया वो सौ फीसदी ठीक है ,भले ही स्वर्गीय राजेंद्र माथुर के छात्रों को वो अनुचित लगता हो।

अच्छी बात ये है कि कुलपति केजी सुरेश न मुझे जानते हैं और न मै उन्हें जानता हूँ और अगर जानता भी हूँ तो एक पत्रकार की तरह कम भी नहीं जानता। इसमें कोई मतभेद नहीं कि केजी सुरेश एक खास विचारधारा से दीक्षित हैं,इसमें हम और आप कुछ नहीं कर सकते । उन्हें इसी विचारधारा की वजह से कुलपति का पद मिला इसमें भी कोई दो राय नहीं ,किन्तु दो राय इस बात में जरूर हैं कि उन्होंने जो कहा उसका उनकी विचारधारा से कोई लेना-देना नहीं है।

ये एक कटु सत्य है कि आज की पत्रकारिता में आई गिरावट के सौ कारण हो सकते हैं, और हैं भी । किन्तु एक बड़ा कारण ये भी है कि आज का पत्रकार अपनी भाषा और उसके साहित्य से या तो विमुख है या उसकी साहित्य में कोई रूचि नहीं है। साहित्य से अलगाव की वजह से हिंदी की पत्रकारिता ने बहुत कुछ गंवा दिया है। मुमकिन है कि देश के तमाम स्थापित पत्रकारों को लगता हो कि हिंदी पत्रकारिता के लिए साहित्य से लगाव होना जरूरी नहीं है,पर मुझे लगता है कि साहित्यधारा से गुजरे बिना हिंदी का कोई पत्रकार सम्पूर्ण हो ही नहीं सकता।

पत्रकारिता अभिव्यक्ति का माध्यम है और अभिव्यक्ति के लिए शब्दों का संस्कार बहुत आवश्यक शर्त है। हिंदी के शब्दकोश में लाख से ज्यादा शब्द हैं ,देश का कोई हिंदी पत्रकार इन सभी शब्दों से भिज्ञ नहीं हो सकता किन्तु जो पत्रकार हिंदी साहित्य के आदि साहित्यकारों के साथ ही वर्तमान काल के साहित्यकारों को पढ़-लिख चुका होगा उसे पता है कि किस शब्द की मार और धार कैसी है ? मै चार दशक से अधिक समय तक कलम घिसने के बाद अपने आपको अपूर्ण पाता हूँ क्योंकि मुझे हिंदी की व्याकरण का अनुशासन नहीं आता । मै 'व' और 'ब' का 'श' और 'स' का सही प्रयोग नहीं कर पाता। इसके बावजूद मुझे इस बात का अभिमान भी है कि मुझे हिंदी साहित्य से गुजरने का गंभीर अनुभव है। मुझे हिंदी की लोकोक्तियों,मुहावरों,कहावतों,अलंकारों और रसों का समुचित ज्ञान है जो मेरी पत्रकारिता को भी एक अलग पहचान देता है। एक सपाट भाषा सहजता के नाम पर परोसी तो जा सकती है किन्तु उस-के जरिये आप किसी को यानि अपने पाठक को शिक्षित नहीं कर सकते। आप अपने पाठक के साथ धोखा करते हैं।

कुछ साथी तर्क देते हैं कि पत्रकारिता भाषा का संस्कार देने का यंत्र नहीं है। मुमकिन है कि वे अपनी जगह सही हों किन्तु व्यापक अर्थों में देखें तो भाषा का प्रारम्भिक संस्कार हमारे यहां स्कूल के साथ ही अखबारों और पत्रिकाओं से हासिल किया जाता है। अब तो भाषा को बिगाड़ने के एक से अधिक माध्यम हमारे पास हैं । ऐसे में केजी सुरेश की चिंताओं को समझा जाना चाहिए । सुरेश की चिंता को सिर्फ इसलिए खारिज नहीं किया जा सकता कि वे संघी मानसिकता के हैं। होंगे ,रहने दीजिये लेकिन संघी अस्पृश्य तो नहीं होता ? संघी भी भाषा की फ़िक्र करने का उतना ही अधिकारी है जितना कि कोई प्रगतिशील वामपंथी या कांग्रेसी मानसिकता का व्यक्ति ।केजी सुरेश का विरोध करने के और भी कई तरीके हो सकते हैं।



विचारधारा की वजह से हानि-लाभ होते हैं ,आगे भी होंगे और अतीत में भी हुए है। कम से कम मुझे तो अपनी विचारधारा की वजह से बहुत कुछ खोना पड़ा। मुझे इस खोने पर क्षोभ नहीं गर्व होता है। मुझे जो मिला वो भी मेरी विचारधारा के लोगों ने नहीं दिया। मुझे जो दिया है मेरी भाषा और साहित्य के संस्कार ने दिया है।

एक बार की बात है अपने जमाने के प्रसिद्ध साहित्यकार क्षेमचन्द्र सुमन हमारे दफ्तर आये । उन्होंने बैठे-बैठे हमारे अखबार के एक पृष्ठ का पूरा प्रूफ पढ़ डाला और एक पेज में दो हजार गलतियां निकाल दीं हम लज्जित भी हुए किन्तु हमारे संपादक काशीनाथ चतुर्वेदी ने तर्क दिया कि -'सुमन जी हम अखबार निकलते हैं साहित्य का सृजन नहीं करते,हम विराम,अर्ध विराम और हलन्त के फेर में पड़ेंगे तो हमारा आज का अखबार दो दिन बाद निकलेगा। सुमन जी हंसे और बोले -पंडित जी ये कुतर्क है । भाषा के दोष के लिए समय नहीं बुद्धि जिम्मेदार है । आप सतर्क होकर पढ़ना जानते हैं तो लिखना अपने आप आ जाता है।

मैंने पत्रकारिता में भले कोई कीर्तिमान स्थापित नहीं किये किन्तु एक ऐसी पीढ़ी जरूर तैयार की जो साहित्य से अनभिज्ञ नहीं है। हमारे विश्व विद्यालय भी यदि छात्रों को धर्मांध बनाने के बजाय भाषा के संस्कार देने में सतर्कता बरतें तो मुमकिन है कि हमें अच्छे ही नहीं बहुत अच्छे पत्रकार मिलने लगें अन्यथा आज हिंदी के शीर्ष अखबारों की भाषा कुतर्कों के शेयर हिंदी से हिंग्लिश तो हो ही गयी है। मैं संघी नहीं हूँ और न शायद कभी हो पाऊंगा । लेकिन केजी सुरेश की बात का समर्थन करा हूँ कि- 'पत्रकारिता में ह्रास का कारण पत्रकारिता के छात्रों और शिक्षकों का साहित्य से अलगाव है । मुमकिन है कि आप इससे सहमत न हों। लोकतंत्र में असहमति न हो तो मजा ही नहीं है।

**@ राकेश अचल**

# आतंकवाद की अंधी गलियां,

## पाकिस्तान के बाद अब कनाडा आतंकवादियों की बड़ी मंडी।

**दैनिक समाज जागरण**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने 20 सम्मेलन के दौरान यह बयान दिया था कि आतंकवाद के किसी भी स्वरूप को वैश्विक स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और विश्व के कई देशों ने इस-का खुले तौर पर समर्थन भी किया था। अब तक पाकिस्तान ही आतंकवादियों का बड़ा केंद्र बना हुआ था, आतंकवादी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का काम किया करता था और यही कारण है कि वह विकास की मुख्य धारा से अलग होकर कंगाल हो चुका है, जनता को खाने के लाले पड़े हुए हैं महंगाई चरम सीमा पर है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के बड़े प्रोत्साहन से खालिस्तानी आतंकवादी अब कनाडा को अपना केंद्र बन चुके हैं पाकिस्तान खालिस्तानी आतंकवादियों को भारत के विरोध में टेरर फंडिंग भी करता है और आवश्यक सलाह मशवरा देकर ट्रेनिंग देने का काम भी करता आया है, उन्हें कनाडा सरकार का खुला समर्थन प्राप्त है। कनाडा में रहकर खालिस्तानी आतंकवादी पंजाब और पूरे भारत में आतंकी गतिविधियों को संचालित करते आ रहे हैं, ऐसे में कनाडा का भी वही हश्र होना है जो पाकिस्तान का हुआ है। कनाडा के प्राइम मिनिस्टर जस्टिन टुद्रो आतंकवाद की राह पर आगे निकल चुके हैं। आतंकवादी खालिस्तानी उग्रवादियों को अपने पिता की तरह गलती की पुनर-ावृत्ति कर कनाडा के वर्तमान प्रधानमंत्री खुला समर्थन दे रहे हैं। भारत पर एक कुख्यात आतंकवादी निज्जर की की कनाडा में घुसकर हत्या का बेबुनियादी और प्रमाण विहीन आरोप लगाकर कनाडा के प्रधानमंत्री और उनका देश विश्व में अलग-अलग पड़ चुके हैं। उनकी अपनी संसद में उनका खुलकर विरोध किया जा रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री को अपने इस बयान पर किसी भी देश का समर्थन प्राप्त नहीं है। भारत के विदेश मंत्री एस,जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र संघ की जनरल असेंबली के मंच से कनाडा को खरी खोटी सुनाई भी है यह तय बात है कि भारत का उस हत्या से कोई लेना-देना नहीं है। कनाडा अब पाकिस्तान की तरह विश्व मंच पर अकेला पड़ गया है।

आईए एक विश्लेषण करते हैं कि आतंकवाद का मनोविज्ञान क्या है और क्यों तेजी से अपना सर उठा रहा है। आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम और मणिपुर मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झा-रखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं।

आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। विश्व में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 11 सितंबर 2001 आतंकवादी हमला मानव इतिहास की सबसे क्रूर तम हमला माना जाता है। पाकिस्तान के पेशावर जिले में आर्मी स्कूल में 150 मासूम बच्चों की निर्मम हत्या भी एक क्रूर आतंकवादी घटना है' भारत में 1993 में मार्च में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट इसी तरह दिसंबर 2001 में संसद भवन पर हमलावाराणसी बम विस्फोट, अहमदाबाद में बम विस्फोट, 2008 में मुंबई ताज होटल पर हमला,2016 में पठानकोट एयरबेस हमला, 2017 में अमरनाथ तीर्थयात्रियों हमला, 2019 में पुलवामा हमला आतंकवादी घटनाएं हैं जिससे मानवीय संवेदनाएं, शांति स्थापना की मूल धारणा की धज्जियां उड़ जाती है' भारत में तो नक्सलवाद भी आतंकवाद का एक वृहद रूप ले चुका है' आतंकवाद का सबसे भयानक रूप यह है की कोई भी देश यह नहीं जानता कि आतंकवाद का अगला निशाना कौन सा देश और कौन सी इमारत, रेलवे स्टेशन, वायुयान और कौन सा धार्मिक स्थल होगा' वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ अस-ुरक्षा की भावना पूरी तरह व्याप्त हो चुकी है' आतंकवाद का सबसे विस्तृत और भयानक रूप अफगानिस्तान में सरकार का तख्तापलट का ही है' वहां तालिबानी आतंकवादियों द्वारा सरकार को गिरा कर अफगानिस्तान देश पर जाकर वहां शासन स्थापित कर लिया था, और पूरी दुनिया तमाशबीन बनी रही। रूस यूक्रेन युद्ध मैं भी लाखों लोगों की आक्रमण कर हिंसक हत्या तानाश-ाही तथा मानसिक आतंकवाद का ही एक भयानक रूप है। पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ भारत सहित अनेक कानून बनाए गए एवं उन पर अमल भी किया जा रहा है। पर आतंकवाद को समूल नष्ट करने के लिए आतंकवादी विचारधारा को ही समूल रूप से नष्ट करना होगा, क्योंकि आतंकवाद कोई तात्कालिक कारणों से पैदा नहीं होता,यह एक घिनौनी, हिंसक आतंक पैदा करने वाली विचारधारा है। अशांति की इस विचारधारा में जन समुदाय में रोश तथा खौफ पैदा कर दिया है और यह मानवता के लिए अभिशाप की तरह व्याप्त हो गया है। जिससे विश्वव्यापी वैश्विक शांति की अवधारणा को नष्ट कर दिया है। वैसे तो पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ प्रयास किए जा रहे हैं पर हर देश के हर नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि इस विचारधारा और इनकी गतिविधियों पर नजर रख इसे समूल नष्ट करने का प्रयास किया जाना चाहिए।



संजीव स्तंभकार,चिंतक ,लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़

# विश्व हृदय दिवस

विश्व हृदय दिवस प्रत्येक वर्ष '29 सितम्बर' को मनाया जाता है। अव्यवस्थित जीवन शैली और असंतुलित खानपान के चलते दुनिया भर में हृदय रोग के पीड़ितों की संख्या तेजीसे बढ़ी है। भागती-दौड़ती जिंदगी में लोगों को अपने स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने का मौका नहीं मिलता, जिसका उन्हें भारी खामियाजा चुकाना पड़ता है। हृदय रोग विशेषज्ञों के अनुसार दिल की बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है, इसके लिए कोई निर्धारित उम्र नहीं होती। महिलाओं में हृदय रोग की संभावनाएं ज्यादा होती हैं, बावजूद इसके वे इस बीमारी के जोखिमों को नजरअंदाजकर देती हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में एक दिल ही है, जिस पर सबसे अधिक बोझ पड़ता है। तनाव, थकान, प्रदूषण आदि कई वजहों से रक्त का आदान-प्रदान करने वाले इस अति महत्वपूर्ण अंग को अपना काम करने में मुश्किल होती है, इसीलिए 'विश्व हृदय दिवस' लोगों में यह भावना जागृत करता है कि वे हृदय की बीमारियों के प्रति सचेत रहें।

**शुरूआत**

दुनिया भर में हर साल होने वाली 29 प्रतिशत मौतों की एक प्रमुख वजह हृदय की बीमारियां और हृदयाघात हैं। हृदय की बीमारियों और दिल के दौरे से हर साल 1.71 करोड़ से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है। आम लोगों को इन बीमारियों व दिल के स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने के प्रति जागरुक करने के मकसद से वर्ष 2000 में 'विश्व हृदय दिवस' मनाने की शुरूआत की गई। अब तक सितम्बर के अंतिम रविवार को 'विश्व हृदय दिवस' मनाया जाता रहा था, लेकिन 2014 से इसे 29 सितम्बर के दिन ही मनाया जाएगा। 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' (डब्ल्यूएचओ) की भागीदारी से स्वयंसेवी संगठन 'वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन' हर साल 'विश्व हृदय दिवस' मनाता है।[1] बढ़ते हृदय रोगों की संख्या और पीड़ितों की वजह से ही संयुक्त राष्ट्र ने साल 2000 से हर साल 29 सितंबर को 'विश्व हृदय दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया। साल 2009 और 2010 में संयुक्त राष्ट्र ने 'विश्व हृदय दिवस' की थीम 'ऑफिस में हृदय स्वास्थ' थी और इस साल इसकी थीम है 'वन वर्ल्ड, वन होम, वन हर्ट' यानि 'एक संसार, एक घर और एक दिल', जिसके द्वारा संयुक्त राष्ट्र हर व्यक्ति को अपने हृदय के प्रति जागरूक बनाना चाहता है।

**उद्देश्य**

हृदय रोग पूरे विश्व में आज एक गंभीर बीमारी के तौर पर उभरा है। हर साल 'विश्व हृदय दिवस' के माध्यम से पूरे विश्व के लोगों में इसके बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। अपने देश में तो अब कम उम्र के लोग भी इस बीमारी के शिकार हो रहे हैं। इस बीमारी की सबसे बड़ी वजहों में से एक है 'तनाव'। तनाव हृदय का सबसे बड़ा दुश्मन है। आज की भागदौड़ वाली जीवन शैली में लोगों में तनाव कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। इसलिए इस बीमारी से पूरी तरह बचना तो मुश्किल है, लेकिन जहां तक संभव हो, इससे दूरी बनाए रखनी चाहिए।

तनाव के समय आवश्यकता होती है कि हम अपने हृदय की आवाज सुनें, हृदय को दुरुस्त रखने के लिए तनाव दूर भगाएं। तनाव के कारण मस्तिष्क से जो रसायन स्त्रावित होते हैं, वे हृदय की पूरी प्रणाली खराब कर देते हैं। तनाव से उबरने के लिए योग का भी सहारा लिया जा सकता है। हृदय हमारे शरीर का ऐसा अंग है, जो लगातार पंप करता है और पूरे शरीर में रक्त प्रवाह को संचालित करता है।

# मृतात्माओं का श्राद्ध करना पुण्यकर्म

**दैनिक समाज जागरण**

पितृपक्ष आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से प्रारंभ होकर अमावस्या को संपन्न होता है। इसमें मृत पूर्वजों का आव्हान कर श्राद्ध कर्म किया जाता है। श्राद्ध करने का अधिकार ज्येष्ठ पुत्र या छोटे पुत्र व नाती को होता है। इस पक्ष में शारीरिक श्रृंगार अथवा तेल नहीं लगाया जाना चाहिए। श्राद्ध में ब्राम्हणों को भोजन कराकर दक्षिणा दी जाती है। श्राद्ध पक्ष में ऐसा माना जाता है कि कोई भी नया काम शुरू नहीं करना चाहिये नये परिधान या नवीन कोई भी कार्य नहीं किया जाता। ऐसा करना अशुभ व हानिकारक माना जाता है। वहीं एकदम इसके उलट यह भी मान्यता है कि इस पक्ष के दौरान मृत्यु को प्राप्त करने वाले की आत्मा सीधे स्वर्ग जाती है।

श्राद्ध से तात्पर्य ही सम्मान, प्रकट करना हैं, चाहे वह मृत हो अथवा जीवित। पितृपक्ष में पितरों की मरण तिथि को ही उनका श्राद्ध किया जाता है। गया (बिहार) में श्राद्ध करने का बड़ा महत्व माना गया है। इसके पार्श्व में एक पौराणिक कथा है, जो इस प्रकार है। एक समय असुरवंश का गयासुर नामक असुर अपनी आसूरी प्रवृत्ति के खिलाफ तप और भगवदध्यान में लीन हो गया। यह देखकर उसके मित्रों कुटुंबियों को गहरा आश्चर्य हुआ कि यह गयासुर आखिरकार चाहता क्या है? उसके पास तो धन वैभव, भोग-विलास सभी कुछ तो है, तब उसे और क्या चाहिये कोई समझ नहीं पाया। सबने उसे तप से हटाने का लाख प्रयास भी किया पर असफल ही रहे। उसके निरंतर कठोर तप से आखिर ब्राम्हाजी उसके सामने पहुंचे और कहने लगे- तुम्हारी तपस्या फलीभूत हुई..देखों मैं स्वयं जगत्पिता ब्रम्हा तुम्हारी मनोकामना पूर्ण करने यहां आया हूं। परंतु ब्रम्हा की बातों का उस पर तनिक भी असर नहीं हुआ। वह बड़े शांत भाव से बोला- प्रभु आप मेरे पास यहां आये, इसके लिये आपका आभारी हूं, आगे उसने कहा- प्रभु मैं कुछ पाने के लिये तप नहीं कर रहा हूं मैं स्वयं को पवित्र बनाना चाहता हूं। हां, यदि आप मुझसे कुछ चाहें, तो मुझे वह आपको प्रदान करने में गहरा आत्म संतोष प्राप्त होगा। उसकी बातों से ब्रम्हा भी चकित रह गये। कुछ मांगना छोड़ उलट देने की बात कह रहा है। तब ब्रम्हा ने कहा" वत्स मैं बार-बार नहीं आता, तुम जो चाहो मांग लो" परंतु उसने कहा " प्रभु मुझे लोभ में मत डालिये। मेरा लक्ष्य तो पवित्रता के चरमोत्कर्ष पर पहुंचकर जीवन का समग्र रुपान्तरण करना है। और वह सब तो भगवान की परम चेतना में निमग्न होने से ही संभव है हां, आपने मुझपे बड़ी कृपा की है मैं आपके किसी काम आ सका तो मुझे परम संतोष होगा। ब्रम्हाजी ने कहा "अच्छा तुम मुझे देना ही चाहते हो तो अपनी वह विशाल देह मुझे दे दो। मैं तुम्हारे शरीर पर यज्ञ करना चाहता हूं। यह सुन उसने अपने शरीर को तत्क्षण ही ब्रम्हा को दान कर दिया। ब्रम्हाजी उसके शरीर पर वर्षों यज्ञ संपन्न करते रहे, परंतु वह अविचल मृत्यु से दूर था। आखिर इतने कठोर तप के बाद भी कुछ इच्छा नहीं रखना उलटे ब्रम्हा को ही दान देने का स-ाहस उसे पुण्यात्माओं में श्रेष्ठ बना गया था। यही कारण था कि ब्रम्हा भी हैरान हो गये। उन्होंने तब सृष्टि के पालनकर्ता विष्णु को पुकारा। विष्णु जब आए तो उनके चरणों पर गयासुर गिर पड़ा। श्री विष्णु के दर्शन से वह निहाल हो गया। विष्णु ने उससे कहा- वत्स तुम्हारा तप पूर्ण हो गया। मांगों तुम जो चाहो, वह में तुम्हें दूंगा। उसने गद्गगद्ग कंठ से कहा- "प्रभु मैंने सिर्फ पवित्रता की चाहत रखी है वही मुझे मिले।" विष्णु, भक्त के स्वरों से विव्हल हो गये। कहने लगे. गयासुर तुम परम पवित्र हो, पवित्रतम हो। मेरा वरदान है कि तुम्हारा शरीर जिस क्षेत्र में हैं, जहां तुमने तप किया है, वह भविष्य में तुम्हारे ही नाम से विख्यात होगा। जग इसे गयाधाम कहकर पुकारेगा। वहां जो भी जब अपने पितरों पुरखों का श्राद्ध करेंगे, वे पितर, मृतात्मांए तुम्हारे पवित्रता के अंश से पवित्र हो जायेंगी, और उन्हें मुक्ति मिलेगी। बस तभी से यह मान्यता चली आ रही है कि पितरों का गया में जाकर श्राद्ध करने से उनकी आत्मायें मोक्ष को प्राप्त हो जाती हैं। इसी कारण वहां एक बार श्राद्ध कर्म करने के बाद दुबारा श्राद्ध करने की आवश्यकता नहीं होती है।

पितृपक्ष आने के पूर्व घर की साफ सफाई लिपाई पुताई की जाती है। कहा जाता है कि पितृपक्ष के पूरे पन्द्रह दिनों के दौरान पूर्वजन मृतकों की आत्माएं अलग -अलग दिनों में पहुंचती हैं। जिसकी मृत्यु जिस तिथि को हुई होती हैं उसका श्राद्ध उसी तिथि करते हैं। वे उसी तिथि को पहुंचते हैं पर कुछ तिथियां भी नियत हैं जैसे सप्तमी और अष्टमी के दिन घर के पुरुष मृतात्माओं के आने का दिन माना गया है। नवमी के दिन छोटी बड़ी स्त्री आत्माओं का आगमन होता हैं। चौदहवें तिथि को बच्चों कुंवारों आदि की आत्मा आती है।

पितृपक्ष के प्रथम दिन में पितरों के आगमन हेतु पूजा पाठ कर उनकी आत्मा की संतुष्टी हेतु एक स्वच्छ स्थान पर उनके मनपसंद पकवान रखे जाने प्रारंभ कर दिये जाते हैं। प्रतीक स्वरुप पशुपक्षियों को भी खिलाये जाते हैं, उनके खा लेने पर आत्माओं ने भोग स्वीकार कर लिया माना जाता है कहा गया है कि पितृपक्ष के दौरान घर अनाज आदि से भरापूरा रहना चाहिये, जिससे बरक्कत होती हैं ऐसा नहीं होने पर आने वाली मृतात्माएं कुपित होती हैं। पद्रहवें दिन सभी पितरों के नाम से हवन कर पूरे पन्द्रह दिनों के फूल फल इत्यादि को एकत्र करें और जलाशयों में विसर्जित कर दिया जाता है। पूजाविधि इस पक्ष के दौरान नित्य प्रातः उठकर घर को स्वच्छकर स्नान करें। एवं एक स्वच्छ स्थान पर गोबर लीपकर चौक (गेंहू के आटे से) बनाकर उसे फूलों से सजाते हैं । फिर, एक आसन में बैठकर तर्जनी ऊंगली कुशा लेकर अपने पितरों का नामोच्चार करते हुये उन्हें जल अर्पित करते जाते हैं। . इसके पश्चात चंदन, हल्दी, रोली, फूल फल एवं उनके मनपसंद पकवानों के साथ चावल उड़द दाल, तिल, गुड़ शक्कर चढ़ाते है फिर अग्नि देकर धूप करते हैं। इस प्रकार पूजा विधि संपन्न होती है।

**-सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# अगस्त में परिवहन निगम को हुई एक अरब से अधिक की आय

## यात्रियों की सुविधाओं पर भी योगी सरकार की नजर

लखनऊ, 28 सितंबरः योगी सरकार एक तरफ जहां यात्रियों की सुरक्षित यात्रा को लेकर पूरी तरह संजीदा है, वहीं परिवहन निगम की विशेष सुविधाओं पर भी पूरी नजर रखी है। यूपीएसआरटीसी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों और ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा 8 राज्यों एवं नेपाल के बीच अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय बस सेवा का संचालन भी किया जाता है। इसमें  दिल्ली, उत्तराखंड,राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं नेपाल शामिल है। कुल 2326 बसों का संचालन किया जाता है। इन बसों के संचालन से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को अगस्त 2023 में 1 अरब दो करोड़ 38 लाख 78 हजार 430 रुपये की आय  को हुई है।

### यात्रियों की सुविधा पर पूरा ध्यान

योगी सरकार के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रदेश में अन्य राज्यों से यात्री धार्मिक एवं व्यक्तिगत कार्यों से आते रहते हैं। साथ ही प्रदेश के निवासी भी अन्य राज्यों में धार्मिक एवं व्यक्तिगत कार्यों से जाते रहते हैं। अपने देश एवं प्रदेश के यात्रियों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा प्रदेश के अंदर और प्रदेश से लगे राज्यों के मध्य बसों का संचालन किया जाता है, जिससे यात्रियों को आवागमन में असुविधा न हो। इन राज्यों के साथ उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का अनुबंध है।

प्रमुख धार्मिक स्थलों के लिए राजधानी से जल्द चलेंगी कई अन्य बसें परिवहन मंत्री के मुताबिक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा प्रदेश की सीमा से लगे अन्य राज्यों के धार्मिक स्थलों को जोड़ने के लिए बसों के संचालन के क्षेत्र में कार्य तेजी से चल रहा है। जल्द ही प्रमुख धार्मिक स्थलों के लिए राजधानी से बस सेवाएं संचालित की जाएंगी। साथ ही प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थलों को भी प्रदेश की सीमा से लगे अन्य राज्यों के साथ जोड़ा जाएगा, जिससे कि लोग इन धार्मिक स्थलों एवं पर्यटन स्थलों पर जाकर वहां धार्मिक व व्यक्तिगत कार्यों के साथ ही पर्यटन का भी लुफ्त उठा सकें।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm

# भाजपा की तीसरी 'तीसरी सूची में शहडोल सांसद का नाम आ जाय तो नहीं होगी कोई अतिश्योक्ति

शहडोल/ शहडोल संभाग के अंतर्गत बांधवगढ़ मानपुर, जयसिंहनगर, जैतपुर अनूपपुर एवं व्यौहारी विधानसभाओं में प्रत्याशी अभी घोषित होना है। जिले की विधानसभा से वर्तमान समय पर जय सिंह नगर से जयसिंह मरावी विधायक ,जैतपुर विधानसभा से श्रीमती मनीषा सिंह विधायक है एवं व्यवहारी सीट से शरद कोल विधायक हैं यह तीनों विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। शहडोल संभाग में एकमात्र सीट कोतमा अनारक्षित सीट है, जहां से भारतीय जनता पार्टी ने दिलीप जायसवाल को प्रत्याशी बनाया है और पहली सूची में पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र से हीरा श्याम को प्रत्याशी बनाया जा चुका है। जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी द्वारा दूसरी सूची में प्रदेश के सांसदों को विधानसभा का टिकट दिया है ऐसे में शहडोल संभाग के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित विधानसभा सीट की दौड़ में शामिल दावेदार सकते में आ चुके हैं।  सूत्रों की माने तो शहडोल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत शहडोल जिले की जयसिंहनगर या  जैतपुर सीट से सांसद हिमाद्री सिंह को प्रत्याशी बनाया जा सकता है ।

### शहडोल लोकसभा में इतने अंतर से कोई नहीं जीता

बहुत ही चौकाने वाली बात यह भी है कि  शहडोल संसदीय क्षेत्र में आज तक किसी दूसरे प्रत्याशी को इतने अधिक वोट नहीं मिले. मालुम हो कि चुनाव के जो परिणाम आए उसके अनुसार भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी हिमाद्री सिंह को साढे चार लाख से अधिक वोट प्राप्त हुए थे। इतने वोट इस संसदीय क्षेत्र से कभी भी कोई दूसरा प्रत्याशी नहीं पाया है।

चुनाव नजदीक ही आ गए हैं तथा यह चर्चा हो रही है कि अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में आचार संहिता भी लगाया जा सकता है। अर्थात 10 दिन के अंदर भारतीय जनता पार्टी



की तीसरी सूची भी जारी की जा सकती है।  जिले की भी सियासत के विधानसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा, आम आदमी पार्टी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी  पार्टियों की राजनैतिक गतिविधियां तेज हो चुकी है तथा अभी भाजपा के अलावा अन्य राजनीतिक दलों ने कहीं भी प्रत्याशी घोषित नहीं किया है जबकि भाजपा ने दो विधानसभा सीटों में प्रत्याशी घोषित कर दिया है तथा मतदाता भी अब चुनावी मूड में है ।कौन जीतेगा कौन हारेगा सीटो से प्रत्याशी घोषित किसकी लहर चलेगी, किसकी नहीं,किसकी सरकार बनेगी, चर्चाए आम मतदाताओं के बीच चल रही है।

2023 के विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों को जो दूसरी सूची जारी की गई है तथा जारी किए गए 39 प्रत्याशियों की सूची में 03 दिग्गज केन्दीय मंत्रियों सहित 07 सांसदो को चुनावी मैदान में उतारा गया है इससे शहडोल एवं उमरिया जिले में भी काफी राजनैतिक हलचल तेज हो गई है. तथा सियासत के गलियारों में लोग चर्चाए कर रहे हैं कि अब कौन सी सीट से किसे उत्तार दिया जाएगा कोई निश्चित नहीं है। ऐसी भी जन चर्चा है कि शहडोल संसदीय क्षेत्र की वर्तमान सांसद के अलावा पूर्व सांसद ज्ञान सिंह को उमरिया जिले की किसी भी विधानसभा सीट से उतारा जा सकता है।

# नई स्कीम के जरिए डाटा सेंटर परियोजना को नई उड़ान देगी योगी सरकार

## -यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने नई स्कीम के जरिए ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 28 में रिक्त प्लॉट्स के लिए शुरू की आवेदन प्रक्रिया

-डाटा सेंटर परियोजना के अंतर्गत 5 केटेगरी के प्लॉट्स के लिए निवेश मित्र पोर्टल के जरिए मांगे गए हैं आवेदन

-28.17 करोड़ से लेकर 176 करोड़ रुपए के बीच निर्धारित किया है प्लॉट्स का प्रीमियम, 2.81 करोड़ से 17.67 करोड़ रुपए के बीच रहेगी रजिस्ट्रेशन फीस

-जेवर एयरपोर्ट, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, यमुना एक्सप्रेसवे व बुद्ध सर्किट से निकटता के कारण पॉड ट्रांजिट सिस्टम समेत तमाम सुविधाओं का मिलेगा प्लॉट लेने वालों को लाभ

लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा, 28 सितंबर। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने व देश के ग्रोथ इंजन के तौर पर राज्य की पहचान स्थापित कर रही योगी सरकार ने अब औद्योगिक विकास को नई गति देने के की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास किया है। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में डाटा सेंटर परियोजना के अंतर्गत रिक्त प्लॉट्स की बिक्री के लिए सीएम योगी की मंशा के अनुरूप एक नई स्कीम जारी की गई है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने सेक्टर 28 में 5 केटेगरी के प्लॉट्स के लिए निवेश मित्र पोर्टल के जरिए आवेदन मांगे हैं। बुधवार 27 सितंबर से शुरू हुई इस प्रक्रिया के अंतर्गत 28.17 करोड़ से लेकर 176 करोड़ रुपए के बीच प्लॉट्स का प्रीमियम निर्धारित किया गया है जबकि 2.81 करोड़ से 17.67 करोड़ रुपए के बीच अलग-अलग केटेगरीज के हिसाब से प्लॉट्स की रजिस्ट्रेशन फीस निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि जेवर एयरपोर्ट, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, यमुना एक्सप्रेसवे व बुद्ध सर्किट से निकटता के कारण बेहतर कनेक्टिविटी और पॉड ट्रांजिट सिस्टम के रूप में भारत में अपनी तरह की पहली विश्व स्तरीय परियोजना समेत तमाम सुविधाओं का लाभ प्लॉट लेकर औद्योगिक इकाई लगाने वालों को मिलेगा। इस परियोजना में प्लॉट्स लेने के इच्छुक आवेदक 26 अक्टूबर 2023 तक अप्लाई कर सकते हैं व अधिक जानकारी के लिए यीडा की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं।

### प्लॉट्स का विवरण हुआ जारी

उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश को धरातल पर उतारने के लिए गठित संस्था इनवेस्ट यूपी तथा यीडा की वेबसाइट पर डाटा सेंटर परियोजना के लिए रिक्त प्लॉट्स का आंकड़ा साझा किया गया है। इसके अनुसार, प्लॉट्स के क्षेत्रफल, सेक्टर, प्रति स्क्वेयर मीटर रेट ऑफ अलॉटमेंट, प्रिफरेंशियल लोकेशन चार्ज (पीएलसी), रेजिस्ट्रेशन अमाउंट व कुल प्रीमियम के बारे में जानकारी दी गई है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 28 में 1.25 लाख स्क्वेयर मीटर की प्लॉटिंग संख्या डी-1 के लिए रेट अलॉटमेंट प्रति स्क्वेयर मीटर की दर 12786 रुपए निर्धारित की गई है। इस पर 10 प्रतिशत पीएलसी के हिसाब से रजिस्ट्रेशन अमाउंट 17.67 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है। वहीं, टोटल प्रीमियम 176.73 करोड़ रुपए (पीएलसी सहित) निर्धारित किया गया है जो कि सर्वाधिक है। इसी प्रकार अन्य चार केटेगरीज में भी प्लॉटिंग्स, रजिस्ट्रेशन व प्रीमियम अमाउंट समेत अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों का विवरण इच्छुक आवेदनकर्ता इनवेस्ट यूपी व यीडा की आधिकारिक वेबसाइटों के जरिए प्राप्त कर सकते हैं। किसी प्रकार की अन्य जानकारी व शंका निराकरण के लिए यीडा की ई-मेल आईडी industry@yamunaexpresswayauthority.comपर ई-मेल किया जा सकता है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ यीडा ने मिलाया हाथ

इस परियोजना के आवेदन समेत बैंकिंग ऑपरेशंस को अंजाम देने के लिए यीडा ने बैंक ऑफ बड़ौदा से हाथ मिलाया है और वह बतौर बैंकिंग पार्टनर परियोजना में हिस्सेदारी निभाएगा। उल्लेखीय है कि चाहें औद्योगिक प्लॉट्स की नीलामी हो या फिर ड्रॉ प्रक्रिया के जरिए निर्धारण हो, इन सभी को अंजाम देने के लिए लीस्ट ह्यूमन इंटरफियरेंस यानी मानवीय हस्तक्षेप की गुंजाइश न के बराबर रखी गई है। इससे, पोर्टल पर अंकित सभी पात्र आवेदनकताओं की पात्रता का आंकलन कर इंटरफेस उन आवेदनों का निर्धारण करता है जो सबसे पात्र होते हैं। इस तरह, बिना किसी भ्रष्टाचार व छेड़खानी मुक्त प्रक्रिया के जरिए पात्र आवेदकों का चुनाव सुनिश्चित किया जाता है और यीडा समेत सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में इसी व्यवस्था के जरिए आवेदकों का निर्धारण सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी का बड़े ही धूमधाम से निकल गया जुलूस

मुरादाबाद। के ब्लॉक कुंदरकी  में पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर बड़ी धूमधाम के साथ जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व मनाया गया। पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के उपलक्ष में मुस्लिम समाज के द्वारा बड़े ही धूमधाम से जुलूस ए मोहम्मदी निकल गया। वहीं जुलूस ए मोहम्मदी के दौरान मुस्लिम समाज में खासा उत्साह देखा गया। बता दे कि इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक रजब माह के 12 रबी उल अव्वल को पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। वही मुस्लिम समाज के द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाते हैं। वहीं पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्म की खुशी में मुस्लिम समुदाय के द्वारा धार्मिक स्थलों सड़कों व अपने मकान को इलेक्ट्रॉनिक झालरों से सजाते हैं। वहीं जुलूस ए मोहम्मदी में मुस्लिम समाज के लोग भारी संख्या में शामिल रहे।धूमधाम के साथ मनाया जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व इस दौरान मौजूद हाफिज हारून, मोहम्मद आलम, ग्राम प्रधान हसीन दूल्हा, अबू नसर, इमरान पाशा, डॉक्टर शमीम, ताहिर हुसैन, महबूब अली, हाजी दिलशाद, अजहर हुसैन, सजर हुसैन, हाजी यमीन इंतेकाव आलम, मोहम्मद नजीर, समस्त क्षेत्रवासी मौजूद रहे



# जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस बड़े ही धूमधाम से  निकाला गया

कुंदरकी : क्षेत्र ग्राम इमरतपुर उधौ में जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर निकाला गया जुलुस गुरुवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर परे ग्राम इमरतपुर उधौ मे जुलूस को बड़े ही धूमधाम से निकाला गया। इस जुलूस में मुस्लिम समाज के विभिन्न संगठनों के साथ ही सैकड़ों लोग शामिल हुए। जो हाथों में झंडे लेकर अलग-अलग मोहल्ले से होते हुए जुलूस में शामिल हुए। सभी ने भाईचारे और एकता के साथ त्यौहार को मनाकर शांति पूर्वक तरीके से जुलूस निकाला हैं। जामा मस्जिद के इमाम साहबे  ने बताया कि पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर कौमी एकता का संदेश देने के लिए यह जुलूस निकाला गया है। उन्होंने बताया कि जुलूस जामा मस्जिद से शुरू होकर ईदगाह के मैदान पर पहुंचा। जहां उलेमाओं ने सलातो सलामे  पेश किया। इसके बाद मुल्क की खुशी और भाईचारे के लिए दुआ की गई। जिसमें मौलाना दिलशाद हुसैन, मौलाना गुड्डू ,मौलाना साजिद हुसैन, फिरोज आलम ,रजाबुल हुसैन, डॉक्टर शाहनवाज ,डॉक्टर असलम, शादाब ,भूरे हुसैन, मास्टर मोहसिन,  इरशाद ,दिलशाद हुसैन , बिलाल, गुलाम मुस्तफा ,मुंशीर हुसैन, रियाजुल हुसैन ,फैजान ,मोहम्मद आसिफ, कासिम, शाहनवाज , जहांगीर ,इत्यादि लोग मौजूद रहे



# ग्राम पंचायत चन्नौडी में पेसा मास्टर ट्रेनर का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

चन्नौडी/ मध्य प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में नवांकुर संस्था श्री बजरंग ग्राम विकास समिति चन्नौडी सेक्टर



क्रमांक 5 में पेसा मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि उपनिदेशक राज्य कार्यालय मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद भोपाल के अमिताभ श्रीवास्तव म,प्र,जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डे औड्ट पेसा मास्टर ट्रेनर जिला समन्वयक पप्पू कोल जनअभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक आशीष मुखर्जी के उपस्थिति में पेसा मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण किया गया।

अमिताभ श्रीवास्तव ने पेसा अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए बताये की हमारे गांव के ग्राम सभा को एक विशेष अधिकार प्राप्त है जब हम अपने ग्राम सभा के द्वारा जल जंगल और जमीन के संरक्षण एवं सुरक्षा ग्राम सभा को दिया गया है। अनुसूचित जाति जनजाति के आर्थिक विकास का अधिकार प्राप्त हुआ है जिसे हम अपने गांव में ही तेंदूपत्ता अपने समिति के माध्यम से खरीद और बेच सकते हैं जनजाति समुदायों को यह अधिकार समुदाय अपनी व्यवस्था का खुद संचालक बन सके उन्होंने गांव में जाकर नजरी नक्शा बनवाकर लोगों को जानकारी दी।

जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डे ने पेसा के बारे में जानकारी देते कहे कि यह हमारे गांव के लिए बहुत ही अच्छा और गांव सुरक्षा के लिए वाद निवारण समिति के माध्यम से छोटे-मोटे वाद विवाद का अपने समिति के माध्यम से उसका निपटारा कर सकते हैं ।अपने गांव के विकास के लिए यह अधिकार प्राप्त है पेसा नियम के तहत हमें सुरक्षा प्रदान करता है ।इस कार्यक्रम में पंचायत स्पेक्टर दिलीप पैकरा,उपसरपंच सतेन्द्र प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र सिंह,नवांकुर संस्था अध्यक्ष हनीफ,पेसा ट्रेनर मोहन उपाध्याय,मीनू जैन जी,मेंटर पूर्णिमा मुखर्जी दीप्ति पांडे ,रूही,कैलाश पांडे रोहिणी वर्मा,दीपेश शर्मा, अभिलाष चतुवेर्दी, नीरज मिश्रा, सुधीर ,कैलाश गुप्ता एवं  पेसा मोबिलाइजर पंच सरपंच बीएसडब्लू ए एम एस डब्लू के छात्र छात्रायें सामाजिक कार्यकर्ता समस्त ग्राम प्रस्फुटन समिति के लोग उपस्थित रहे ।मोबलजर पलक मिश्रा ने पेसा अधिनियम की जानकारी देते हुए उपस्थिति लोगों के बीच अपना बिचार साझा की।

# योगी सरकार की एक और उपलब्धि, यूपी के 100% गांवों को मिला ओडीएफ प्लस का दर्जा

## स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत 100% ओडीएफ प्लस कवरेज हासिल कर पेश की स्वच्छता की मिसाल

95,767 गांवों ने ठोस/तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों के साथ खुद को ओडीएफ+ घोषित किया

पिछले 9 महीनों में 80,000 से अधिक गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल किया

राष्ट्रव्यापी 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के बीच हासिल हुई उपलब्धि, अकेले यूपी में 88 लाख लोगों ने जन आंदोलन और श्रमदान में लिया भाग

लखनऊ, 28 सितंबर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उत्तर प्रदेश ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण के तहत सभी 95,767 गांवों यानी 100% गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा प्राप्त कर लिया है। ओडीएफ प्लस गांव वह है जिसने ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने के साथ-साथ अपनी खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति को बरकरार रखा है। आज तक, देश भर में 4.4 लाख (75%) गांवों ने खुद को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है, जो 2024-25 तक एसबीएम-जी चरण 2 के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### 9 माह में 80 हजार गांव जुड़े

उत्तर प्रदेश ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में तेजी से प्रगति की है। 1 जनवरी 2023 तक, राज्य में केवल 15,088 गांव थे जिन्हें ओडीएफ प्लस घोषित किया गया था। केवल 9 महीने में, राज्य ने मिशन मोड में ओडीएफ प्लस हासिल करने के लिए प्रयास किए। पिछले 9 महीनों में 80,000 से अधिक गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल किया और इस त्वरित गति के परिणामस्वरूप ओडीएफ प्लस की समयबद्ध उपलब्धि हासिल हुई। प्रदेश के 95,767 ओडीएफ प्लस गांवों में से 81,744 गांव ओडीएफ प्लस आकांक्षी गांव हैं, जहां ठोस अपशिष्ट प्रबंधन या तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था है। 10,217 गांव ओडीएफ प्लस राइजिंग गांव हैं जिनमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और तरल अपशिष्ट प्रबंधन दोनों की व्यवस्था है और 3,806 गांव ओडीएफ प्लस मॉडल गांव हैं।

### स्वच्छता ही सेवा से जुड़े 88 लाख लोग

100% की यह उपलब्धि पूरे देश में संचालित हो रहे स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) झ 2023 अभियान के दौरान हासिल की गई है। एसएचएस प्रतिवर्ष स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के तहत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तके  मनाया जाता है। इस वर्ष, अब तक, लगभग 88 लाख लोगों ने बड़े पैमाने पर इसमें हिस्सा लिया और श्रमदान किया है, जिससे ओडीएफ प्लस स्थिति की उपलब्धि में तेजी आई है।

### ग्राम पंचायतों और सफाई कर्मियों का सम्मान

ओडीएफ प्लस उपलब्धि का जश्न उन ग्राम पंचायतों के सम्मान के साथ मनाया गया जिन्होंने अनुकरणीय कार्य किया और अपनी ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित किया। पूरे राज्य में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक और सफाई कर्मियों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया, जिससे उन्हें स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में और योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। पुरस्कार विजेताओं में ग्राम पंचायत को एक मॉडल के रूप में बनाने में उनके योगदान के लिए 60 सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतें शामिल हैं। साथ ही 75 सफाई कर्मियों (प्रत्येक 75 जिलों में से एक) को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### जागरूकता के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदम

इन ग्राम पंचायतों में जागरूकता के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। जैसे ठोस अपशिष्ट, तरल अपशिष्ट, आरआरसी और मॉडल गांव के लाइव मॉडल के प्रदर्शन से सीखा गया और उसे लागू किया गया। साथ ही विभिन्न मनोरंजन के साधन जैसे कचरा मुक्त थीम पर जादू शो, कठपुतली शो जैसे स्थानीय/लोक मीडिया समूहों को शामिल करके सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। ओडीएफ प्लस मॉडल गांव वह है जो न सिर्फ अपनी ओडीएफ स्थिति को बरकरार रखे हुए हैं बल्कि इसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और तरल अपशिष्ट प्रबंधन दोनों की व्यवस्था है। साथ ही इन गांवों में अधिकतम स्वच्छता और न्यूनतम कूड़ा, न्यूनतम स्थिर अपशिष्ट जल दिखाई देता है। सार्वजनिक स्थानों पर यहां कोई प्लास्टिक कचरा डंप नहीं होता और ओडीएफ प्लस सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) संदेश नियमित प्रदर्शित होते हैं।

### ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मरीजो को फल वितरित

अनूपपुर। ईद मिलाद अन नबी के  के पावन अवसर पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया गया। समाजसेवी एवं वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद रईस खान के नेतृत्व में बीते 9 वर्षों से इस पावन अवसर पर फल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। इस अवसर पर मोहम्मद रईस खान पूर्व अध्यक्ष वक्फ बोर्ड अनूपपुर , मोहम्मद सलीम सदर , लियाकत अली,शेख अब्दुला, अकबर हुसैन,बाबा खान, राशिद मंसूरी, अजहर, रियाज ( चिंटू ),अब्दुल हक, राज,जावेद, अब्दुल सलाम ,ईजहार, अफसर अली,आशू, गुड्डू मिस्त्री,सिकंदर, शन्नो, आदि उपस्थित रहे।



# संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान की प्रतिदिन होगी निगरानी, लापरवाही पर गिरेगी गाज

3 से 31 अक्टूबर तक प्रदेश भर में चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

16 से 31 अक्टूबर के बीच सभी निकायों में दस्तक अभियान का भी होगा संचालन

प्रतिदिन संपन्न गतिविधियों की नगरीय निकाय निदेशालय को देनी होगी सूचना

अभियान में शिथिलता और लापरवाही बरतने वाल कर्मियों पर होगी कठोर कार्रवाई

लखनऊ, 28 सितंबर। संचारी रोगों के खिलाफ योगी सरकार की मुहिम अक्टूबर माह में भी जारी रहेगी। 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रदेश भर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान (16 से 31 अक्टूबर) के तहत विशेष सतर्कता बरती जाएगी। खास बात ये है कि इस पूरे अभियान की प्रतिदिन निगरानी और रिपोर्टिंग होगी तथा शिथिलता या लापरवाही बरतने वाले उत्तरदायी कर्मियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई भी की जाएगी। इस संबंध में नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक द्वारा समस्त नगर आयुक्त एवं जल संस्थान व जलकल विभाग के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर सूचित किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में संचारी रोगों व दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण व रोकथाम के लिए योगी सरकार ने कई विभागों के समन्वय से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान संचालित कर रही है। इसमें न सिर्फ संचारी रोगों को फैलने से रोकने की कार्यवाही की जा रही है, बल्कि पीड़ित रोगियों के इलाज की भी समुचित व्यवस्था की गई है।

निर्धारित माइक्रोप्लान के अनुसार प्रतिदिन हो संचालन नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक नितिन बंसल द्वारा जारी पत्र में कहा गया

# धूमधाम से मनाया गया ईद मिलादुन नबी का जश्न: क्षेत्र में शांति से निकला बारावफात का जुलूस,सुरक्षा में तैनात रही पुलिस

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण**



अफजलगढ नगर व ग्रामीण क्षेत्र म में ईद मिलाद उन नबी का जश्न धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इस मौके पर जुलूस निकाले। मस्जिद और मदरसों में तिलावत और इबादत की कसरत से लोग दुरूद पढ़ते नजर आए। पुलिस प्रशासन भी खासतौर पर अलर्ट दिखाई दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार हजरत मौहम्मद साहब के जन्म दिवस पर गुरुवार को ईद मिलादुन्नबी धूमधाम से मनाई गई। नगर से लेकर गांवों में जुलूस निकाला गया जुलूस के बाद जलसे का आयोजन हुआ।गांव जिकरीवाला, हिदायतपुर, टांडा, दुलीचन्दपुर सहित नगर में धूमधाम से मनाया गया। जुलूस का आगाज बड़े प्रेम भाव भाईचारे व सद्भावना से मनाया गया जूलूस की सरपरस्ती प्रधान प्रतिनिधि मौहम्मद जमशीद प्रधान पति वहीदुर्रहमान,मोहतमिम कारी कासिम रजा,मौलाना जहीरुलहक, कारी अनीश, मास्टर इमरान,मास्टर रईस, ओर फैजाने कमेटी के युवाओं ने निगरानी में जूलूस निकाल गया इस अवसर पर मदरसा गौसिया अंसारउलहक इस्लाम से जूलूस का आगाज हुआ गांव की गलियों से गुजरते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर पहुंचा।जुलूस में उत्साहित युवा या रसूलल्लाह, या नबी, अल्लाह हू अकबर के नारों की आवाजें बुलंद थी। जुलूस में खास तौर से मदरसा नूरउल उलूम के मोहतमिम व जमा मस्जिद इमाम रियाजुलहक, मौहम्मद साजिद,काजी राशिद होटल वाले,आदि ने जुलूस को शांति और सदभावना पूर्वक सम्पन्न करने में सहयोग मुफ्ती अफजल रिजवी कु अध्यक्षता में जामे कुतबुल आलिया दारूल इस्लाम से प्रारम्भ खेरादयो वालीं मस्जिद से होता हुआ धामपुर रोड सिपेह सय्यद सालार शाह साहब गाजोर मोकदूस पर चादर पोशी के साथ बनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद अफजल रिजवी मिश वली सहयोग कर्ता मौ यामीन मौ अमीर पीर इस्लामुद्दीन रकीब फैसल मौ नफीस आदिमदरसा नाम जामिया कुतुबुल आलिया दारुल सलाम कातिब इमाम मौ असफाक आदि मौजूद थे सुरक्षा व्यवस्था हेतु कोतवाली प्रभारी निरिक्षक इंस्पेक्टर पंकज तोमर, विवेकानंद चौकी इंचार्ज संदीप कुमार, सचिन चौधरी राहुल प्रशांत आदि पुलिस दल के साथ मौजूद रहे।

# 7 माह पूर्व घर से अगवा की गई युवती के आरोपी अभी तक है फरार

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण**




बिजनौर स्योहारा ग्राम मेवा जट निवासी एक परिवार की नाबालिग पुत्री को अगवा कर भगा ले जाने वाले आरोपियों पर मुकदमा तो दर्ज हुआ लेकिन अभी तक मुख्य आरोपी जीशान के अन्य पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

बताते चलें कि मेवा जट निवासी इसरार ने फरवरी माह में दी तहरीर में बताया था कि उसकी 17 वर्षीय बहन सानिया को 25,2,23 में गांव का ही जीशान पुत्र रिसालत,वासिल पुत्र इंतेजार,अरशद पुत्र शमीम,व शाहरुख पुत्र अंसार बहला फुसलाकर भगा ले गए थे बताया गया है कि जाने से पहले युवती अपने साथ लगभग ढाई लाख रु व सोने का लाकेट भी लेकर गयी थी। तब पुलिस ने तहरीर के आधार पर जीशान पुत्र रिसालत,वासिल पुत्र इंतेजार,अरशद पुत्र शमीम,शाहरुख अंसार, अफसार पुत्र शराफत, आसिफ पुत्र महबूब व रेशमा पत्नी रिसालत पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था लेकिन इतने लंबे समय से सभी आरोपी फरार है जबकि युवती व उनका परिवार भय में जी रहा है इस बीच पुलिस ने केवल शाहरुख को पकड़ चालान किया था जबकि मुख्य आरोपी अभी भी फरार है,बताया जा रहा है कि बीती रात पुलिस ने एक आरोपी इंतेजार को पकड़ में लिया है बताया जा रहा है कि 164 के बयान में युवती ने इंतेजार ,आकिब अरशद, व जीशान आदि पर जबरन शादी करने का दबाव बनाने ,भगाने में मदद करने व डराने धमकाने में आरोपी बताया था अब देखना है कि इंतेजार पर कार्यवाही होगी या उसको ऐसे ही छोड़ दिया जाएगा

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक आ-फर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।।

1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm

# भारतीय किसान यूनियन देवेंद्र नगर कौड़िया ने पानी की समस्या का समाधान कराए जाने का दिया आश्वासन

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण**



बिजनौर कोड़िया/देवेंद्र नगर नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव देवेंद्र नगर कोड़िया में पानी की समस्या को लेकर धरना दे रही महिलाओं के बीच भारतीय किसान यूनियन भानु के पदाधिकारियों ने पहुंचकर उनका हाल जाना। महिलाओं का कहना है की कई वर्षा से उनका गांव देवेंद्र नगर पानी के अभाव में जिंदगी गुजार रहा है। महिलाओं का आरोप है की ग्राम प्रधान की लापरवाही के चलते उनके गांव में जनहित सुविधाओं का अभाव चल रहा है। गाँव में तीन नल लगे हुए हैं जिनमें पानी नहीं आता। पानी के नल सिर्फ शो पीस बने हुए हैं। गांव के अंदर बने प्राथमिक विद्यालय के नल में भी पानी नहीं आता। महिलाओं का कहना था की उनके गांव में आने वाला राशन भी घटिया किस्म का होता है। चुनाव से पहले उनसे बड़े बड़े वादे किए जाते है लेकिन चुनाव के बाद सब वादे खोखले साबित होते है। उनका गाव वर्षों से पेयजल की समस्या से वंचित है। जल ही जीवन है के तहत गाव के कुछ निर्धन परिवारों को निःशुल्क कनेक्शन वितरित हुए थे। लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी सम्बंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के चलते पेयजल की आपूर्ति शुरू नही हुई। जिस कारण ग्रामवासियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन के इस्तेमाल के लिए पानी कोटद्वार उत्तराखंड से लाना पड़ रहा है। ग्रामीण महिलाओं का यह भी कहना है कि जब उन्हे सरकारी आवास, सरकारी शौचालय का लाभ मिल रहा है तो फिर पानी की समस्या क्यों बनी हुई हैं।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह देशवाल ने जब इस संबंध में वन रेंजर कौड़िया क्षेत्र राम मुसाफिर यादव से बात की तो उन्होने देवेंद्र नगर को वन क्षेत्र बताया और कहा परमिशन लेकर ग्रामीण पानी का बोर करवा सकते है। मौके पर पहुंचे जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह देशवाल ने डीएफओ को फोन कर देवेंद्र नगर के ग्रामीणों की पानी की समस्या से अवगत कराते हुए समाधान कराए जाने की मांग की।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रईसउद्दीन अंसारी, यूवा जिलाध्यक्ष शहजाद, ब्लॉक अध्यक्ष विपिन ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी जीशान नजीबाबादी, नईम अहमद, अफजाल अंसारी, सादिक अहमद, योगेश चौहान, अकबर इत्यादि कार्यकर्ता मौजुद रहें।

# भोली भाली जनता को लूट रहे हैं नगर के अर्जेंट सफेद पोस के संग

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण**




अफजलगढ। विदेश भेजने के नाम पर ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं क्षेत्र में सफेद पोश लोगों के साथ मिलकर विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वालों का मकड़जाल बढ़ता ही जा रहा है ऐसा ही करीब डेढ़ लाख की ठगी का मामला प्रकाश में आया है ठग ऐजेंट द्वारा पैसे लेने के बाद आरोपी व उसके साथियों द्वारा गरीब को झूठी तसल्ली देकर गुमराह किया जा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र गांव खुशहालपुर निवासी दिलशाद पुत्र हमीद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छः महीने पूर्व नगर मौहल्ला बेगम सराय निकट लाइफ लाईन अस्पताल निवासी इरशाद पुत्र नाज़िम ऐजेंट उसके घर आया कहने लगा कि मैं विदेश भेजने का कार्य करता है उसके पास एक अच्छी वीजा है आप मुझे अपना पासपोर्ट और पचास हजार रुपए दे दो जिसको पीड़ित ने ग्राम प्रधान कादराबाद आदि कुछ लोगों की मौजूदगी में पचास हजार रुपए दे दिए पीड़ित ने बताया कि करीब एक साल बीत जाने के बाद भी ना तो उस ठग ऐजेंट ने ना विदेश भेजा और न पैसे वापस दिये जिसको लेकर तीन महीने पूर्व नगर के चेयरपर्सन की बैठक में बैठकर एक सफेद पोस पचास के साठ हजार ने रुपए दिलाने की बात कही थी। पीड़ित अभी भी दर दर भटक रहा है वहीं शबनम ने अपने पति फुरकान को विदेश भेजने के लिए उपरोक्त इरशाद ऐजेंट को एक लाख रुपए दे दिए थे उसको साथ धोखाधड़ी करके पैसे पासपोर्ट ले लिये ओर विदेश नहीं भेजा ना तो वह पैसा ही देता है और ना ही पासपोर्ट पासपोर्ट लौटता है पैसा पासपोर्ट करने पर वह धमकता है तथा मारपीट पर उतारू हो जाता है क्षेत्र में विदेश भेजने के नाम ठगी करने वाले एजेंट गरीबों से पैसा वसूल कर मालामाल हो रहे हैं साथ ही उन्हें राजनीतिक संरक्षण संरक्षण प्राप्त है यदि कोई उनके विरुद्ध पुलिस में तहरीर देता है तो उसके साथी राजनीति से जुड़े हुए लोग फीलगुड करा कर उसके खिलाफ कार्रवाई करने से रोक देते हैं पीड़ितो ने पुलिस को तहरीर देकर नया गुहार लगाई है।

# करुणा दिवस ( यौमे रहमत )पर किया मेडिकल कैंप का आयोजन।

## सड़को पर जलूस न निकाल कर बरसो से इस दिन लगा रहे मेडिकल कैंप, हजारों लोगो को तीन दिन की निशुल्क दी जाती है दवाईयां

**शावेज अहमद/ दैनिक समाज जागरण**



रामपुर। 12 रबी उल अव्वल पर वर्ल्ड ऑर्गना-इजेशन चेरिटेबल ट्रस्ट (६ङ्ग१')और हिंद भाई चारा समिति द्वारा मेडिकल कैंप का आयोजन कई सालो से होता आ रहा है इसी क्रम में मेडीकल कैंप का आयोजन सिमबायोसिस स्कूल माला रोड पर किया गया जहां शहर के नामी ग्रामी डॉक्टरों ने अपनी फ्री सेवा दी ।12 रबी उल अव्वल को होने वाले इस कैंप में शहर के लगभग सभी बड़े डॉक्टर कई सालो से बड़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं और अपना कीमती समय निकाल कर कैंप में मरीजों को निशुल्क में देखते हैं जहां मरीजों को साथ में तीन दिन की दवाइयां भी निशुल्क दी जाती है। इस मेडिकल कैंप ने भाई चारे की मिसाल भी कायम कर दी है हिंद भाई चारा समिति के अध्यक्ष धनंजय पाठक कई सालो से 12 रबी उल अव्वल को इस मेडीकल कैंप में हमेशा आगे रहते हैं और तन मन धन से पूर्ण रूप से अपना सहयोग दे कर इस कैंप को सफल बनाते हैं वही धनजय पाठक ने कहा कि भलाई और इंसानियत का काम जहां भी हो वो बड़ चढ़ कर आगे आते हैं और लोगो को इससे प्रेणना लेकर एक दूसरे का साथ देना चाहिए धर्म कोई भी हो मानवता सर्वपरी होनी चाहिए और में इस तरह मानवता की सेवा में आगे भी करता रहूंगा ।

वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन चेरिटेबल ट्रस्ट (६ङ्ग१')के अध्यक्ष अल्लामा सैयद अब्दुल्लाह तारीक ने कहा कि 12 रबी उल अव्वल को हम करुणा दिवस के रूप में मानते हैं क्योंकि मोहम्मद साहब रेहमातुलिल आलामीन है यानी वो पूरे आलम के लिए रहमत बना कर भेज गए है न की किसी खास धर्म और उसके मानने वाले के लिए ।इसी लिए हम इसे कैंपेशन डे यानी करुणा दिवस के रूप में मनाते हैं और आज के दिन मेडिकल कैंप का आयोजन कर मानवता की सेवा करते हैं यह कैंप कई वर्षो से चलाया जा रहा है जिसमे 20 से 25 शहर के बड़े डॉक्टर अपने निशुल्क सेवा देते हैं और हम साथ में तीन दिन की दवाइयां भी निशुल्क देते हैं। वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन चेरिटेबल ट्रस्ट( ६ङ्ग१') के सभी सदस्य इस माह में लगातार रहमत का कार्य करते हैं किसी दिन भोजन का वितरण है किसी दिन कपड़ो का वितरण है लोगो को यातायात जागरूकता करा करा अस्पतालों में भोजन और फलों का वितरण कर या गली मोहल्लों में साफ सफाई का कार्यक्रम किया जाता है और वर्क संस्था के सभी सदस्य पूरे महा को करुणा महा के रूप में मना कर सभी तक रहमत का संदेश देते हैं।

निक्कू पंडित , डॉ कैलाश चंद्र दिवाकर,मुनन खान , बबलू खान , डॉ मुजाहिद, सबाहत खान ,राशिद अली और वर्क संस्था के सभी सदस्य मोजूद रहे।

# क्षेत्र में श्री गणेश विसर्जन यात्रा की धूम

## उड़ा गुलाल,भजनों कि मस्ती में डूबे श्रद्धालु,गंगा घाट के लिए हुए रवाना

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण**



अफजलगढ । अनंत चतुर्दशी पर भगवान श्री गणेश विसर्जन यात्रा का धूमधाम से आयोजन हुआ। मंदिरों के साथ जगह-जगह विराजमान हुए गणपति का श्रद्धालुओं ने विधि विधान पूर्वक पूजन किया। उसके बाद एक दूसरे को गुलाल लगाकर यात्रा निकाली। विभिन्न स्थानों पर गणेश विसर्जन यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई।गणपति बप्पा मोरया,मंगल मूर्ति मोरया के साथ विदा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कादराबाद के प्राचीन शिव मंदिर गणेश चतुर्दशी के दिन गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ लगी रही।गांव में जगह-जगह गणेश भगवान की मूर्ति विसर्जन के लिए लोगों का ताता लगा रहा जगह विसर्जन से पहले फूलों और गुलाल की बर्षा की गई। वहीं थाना क्षेत्र के गांव शेरगढ़ से सुआवाला मार्ग होते भूतपुरी व कादराबाद रामगंगा गणेश चतुर्थी विसर्जन किया जिसमें लोगों ने जमकर भाग लिया। गणेश भगवान की मूर्ति ले जाने के समय के महिलाओं व युवाओं में उत्साह देखने को मिला लिया। सुबह से ही भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए श्रद्धालु मूर्ति विसर्जन करने के लिए तैयार हो गए थे।और गणपति बाबा मोरिया अगले बरस से जल्दी आना के जयकारे लगाए।गणेश भगवान की जय इस विसर्जन कार्यक्रम में महिलाओं ने भी जमकर भाग लिया और बड़े श्रद्धा भाव से भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन कराया। श्रद्धालुओं ने खूब जमकर डांस किया और जमकर पुष्प और गुलाल लगा कर बधाई इस अवसर पर मूर्ति विसर्जन में दर्शन सिंह रावत,आशीष धनिया, ग्राम प्रधान कैलाश , धर्मपाल सिंह,सहित गांव के दर्जनों महिलाओं और पुरुषों में भाग लिया।

# भव्य शोभायात्रा और मूर्ति विसर्जन के साथ गणेश महोत्सव का समापन

**नगर में जगह - जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया**



बिसौली आई एम खान। भव्य शोभायात्रा और मूर्ति विसर्जन के साथ गणेश महोत्सव का समापन हो गया। बुधवार देर रात तक निकली भगवान गणेश की शोभायात्रा में आकर्षक झांकियों के अलावा बाहर से आए कलाकारों ने मनमोहक नृत्य कर लोगों का मन मैह लिया। गंगा बैंड की सुरीली धुनों पर युवा झूमने को मजबूर हो रहे थे। सबसे आगे चल रहे काली अखाड़े के कलाकारों द्वारा हैरतअंगेज करतब देख लोग दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर हो गए। भगवान गणेश के अलावा राधाकृष्ण, शिव परिवार, हनुमानजी, मां दुर्गा की आकर्षक झांकियां सभी को रिझा रहीं थीं। जगह जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। वृहस्पतिवार को मूर्ति विसर्जन के साथ महोत्सव का समापन हो गया।

# पुलिस अधीक्षक ने किया थाना भोट का आकस्मिक निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण**



शावेज अहमद /रामपुर। नवंगतुक पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने थाना भोट, रामपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, डयूटी रजिस्टर, फ्ला-ईसीट आदि एवं उनके रख रखाव, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया गया । साथ ही थाना परिसर में बने बैरक, मालखाना, कम्प्यूटर रूम, आगन्तुक कक्ष आदि की साफ-सफाई तथा महिला हेल्प डेस्क को चैक किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शानों शौकत के साथ निकाला गया, एसपी देहात ने भी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

## मोहम्मद के आशिकों की जुबा पर नबी की आमद मरहबा के नारों गूंज सुनाई दे रही थी

**दैनिक समाज जागरण**



बसौली आई एम खान। पैगम्बर मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश के मौके पर नगर व क्षेत्र में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शानो शौकत के साथ निकाला गया। जुलूस में मोहम्मद के आशिकों का भारी जन सैलाब दुरुद शरीफ, सलातो सलाम पढ़ते हुए चल रहा था। इसके साथ ही हर किसी की जुबां पर नबी की आमद मरहबा के नारों की गूंज सुनाई दे रही थी। मीलाद के बाद मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआएं की गई। नगर की बडी मस्जिद से शुरू हुए जुलूस के दौरान मौलाना इफ्तेखार अशरफी, मौलाना शादाब रजा उवैसी, काजी इजहार अशरफ, हाफिज मजहर खान, मौलाना अहमद रजा, हाफिज नोमान खान, कमरूज्जमा, दिलशाद रजा, मौलाना वसी सैफी, मौलाना रफीक आदि ने अपनी अपनी तकरीर में कहा कि हमें अपने नबी के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए साथ ही अखलाक एवं भाईचारे को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाएं। मौलानाओं ने कौम से इंसानियत के साथ मुल्क में शांति को बढ़ावा देते हुए नफरत फैलाने और समाज को तोड़ने वाले लोगों का बहिष्कार करने की पुरजोर अपील की। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस सुबह से शाम तक साथ चलती रही। विभिन्न स्थानों पर पुलिसकर्मियों को मुस्तैद देखा गया। एसपी देहात विजय कुमार सिंह ने भी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नगर पालिका प्रशासन की ओर से सुबह से नगर, मस्जिदों व जुलूस के रास्तों पर सफाई अभियान के अलावा चूना डाला गया। पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था भी चाक चौबंद रही। जुलूस में चेयरमैन अबरार अहमद, हाजी रफीक खां, हाजी हबीब खां, हाजी तसलीम खांन, सैय्यद मुस्तफा अली, काजी शाहनवाज खां, जहीर ऑटो, राशिद मंसूरी, यासीन बेग, इरशाद खां, चुन्नू सैफी, जाकिर खान, सभासद रईस सैफी, शाकिर अब्बासी, बाबू मेंबर, पुत्तन अब्बासी, अब्दुल कदीर इदरीसी, मौ. इकबाल, अब्दुल रशीद इदरीसी, अकरम कुरैशी, न्याज अहमद सैफी, अनवर सैफी, सरताज मलिक, आदि प्रमुखता से मौजूद रहे।

# निशान भगवा यात्रा व श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव को लेकर श्याम सेवादार परिवार तैयारी में जुटा

**महोत्सव में जिलाधिकारी मनोज कुमार होगें मुख्य अतिथि**



बिसौली आई एम खान। आगामी 30 सितंबर दिन शनिवार को आयोजित निशान भगवा यात्रा व श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव को लेकर श्याम सेवा सेवादार परिवार तैयारियों में जुट गया है। संगठन के पदाधिकारियों ने महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनोज कुमार को आमंत्रण पत्र सौंपा। श्याम सेवादार परिवार के धर्मेंद्र वार्ष्णेय एवं चितरंजन गुप्ता ने बताया कि शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे बुधबाजार से दबतोरी रोड स्थित खाटूश्यामजी धाम तक भव्य निशान भगवा यात्रा निकाली जाएगी। शाम सात बजे से मदनलाल इंटर कालेज मैदान में श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में प्रख्यात भजन सम्राट कन्हैया मित्तल व भजन गायिका आयुषी राज अपने सुरों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

## आज काशी आएंगे पीएम के प्रमुख सचिव

**वाराणसी ब्यूरो/समाज जागरण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव डॉक्टर पी.के. मिश्रा बृहस्पतिवार को वाराणसी आएंगे। वह शहंशाह पुर स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान केंद्र के 33 में स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव वाराणसी में चल रही विकास परियोजनाओं की समीक्षा भी कर सकते हैं। देर शाम वे दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

## विंध्याचल धाम में पान गुटखा पर प्रतिबंध लगा, एक हजार जुमार्ना

**वाराणसी ब्यूरो/समाज जागरण**

मिजार्पुरः यदि आप पान गुटखा के शौकीन हैं। और विंध्याचल आ रहे तो सावधान ! विश्व प्रसिद्ध विंध्य क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां विंध्यवासिनी धाम में पान, गुटखा, जर्दा के साथ धुम्रपान पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। पकड़े जाने पर एक हजार रुपए का जुमार्ना लगा दिया गया है। जिलाधिकारी प्रिंयका निरंजन ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिये हैं। मंदिर के प्रभारी अधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह से आदेश को कड़ाई से पालन कराने का निर्देश दिए हैं। मंदिर परिसर के आसपास पान गुटखा बेचना प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## अधिकारियों की मिली भगत से जिन्दा महिला अखिलेखों में हुई मृत घोषित,
### मृतक आश्रित नौकरी का लाभ ले रहा परिवार का युवक

अरविन्द गुप्ता माधौगंज /हरदोई विकास खण्ड के ग्राम सदरपुर निवासी मृतक मुन्नीलाल की पत्नी किरन देवी को परिवार रजिस्टर में मृत घोषित कर दिया गया। महिला का दावा है कि उसके पास राशनकार्ड, वोटर कार्ड, आधार कार्ड से लेकर बैंक पासबुक है जिसमें पति का नाम दिया



है। पति से एक पुत्री है जो कि मायके हेरवल कोतवाली मल्लावां में साथ रह रही है। फिर भी परिवार के सदस्यों ने मिलकर उसे ब्लॉक के परिवार रजिस्टर में मृत घोषित करवाकर अवैध रूप से मृतक कोटे का लाभ लेकर एक युवक को नौकरी लगवा दी है। महिला का कहना है कि जो युवक पति के स्थान पर नौकरी कर रहा है वह उसका पुत्र नही है। महिला किरन देवी व उसकी बेटी न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खा रही हैं। पीड़िता कई बार शासन-प्रशासन को लिखित रूप से मृतक आश्रित कोटे का लाभ उसे दिलाए जाने की गुहार लगा चुकी है। जिसमें परिवार रजिस्टर की नकल मांगी जाने की बात बताई जा रही है। कई बार ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर परिवार रजिस्टर नकल मांगी तो उसे बरगला दिया जाता रहा है। परिवार रजिस्टर में महिला एक दशक पूर्व मृत घोषित हो चुकी है। महिला का दावा है कि उसके पति ब्लॉक के गांव खेमीपुर स्थित इण्टर कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नौकरी कर रहे थे जिसकी 16 फरवरी 2011 को मौत हो चुकी है। मृतक आश्रित में उसे नौकरी मिलनी थी। महिला के पास खुद को मृतक मुन्नीलाल की पत्नी साबित करने के पर्याप्त दस्तावेज मौजूद हैं। वहीं जिम्मेदार अधिकारियों की माने तो उन्हें गांव के लोगों ने बताया है कि किरन देवी मृतक मुन्नीलाल की दूसरी पत्नी है। बीडीओ संजय कुमार दोहरे ने बताया कि महिला का दावा सही है या फिर गलत है इसका फैसला गांव में खुली बैठक करवाकर लोगों से पूछताछ के बाद पता चलेगा। ग्रामीणों के साथ बैठक को लेकर ग्राम पंचायत अधिकारी धर्मेन्द्र पाण्डेय को निर्देशित किया जा चुका है। महिला ने यह भी बताया कि पछले एक दशक से लगातार न्याय पाने के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रही है फिर भी कोई सुनवाई नही हुई है।।

## दिल्ली के रामलीला मौदान में होगी पेंशन शंखनाद रैली

बिलग्राम-हरदोई भारत के सात राज्यों में पुरानी पेंशन योजना बहाल हो चुकी है और अब समय आ गया है कि उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश मे पुरानी पेंशन योजना बहाल हो। पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है और हम इसे हासिल करके रहेंगे।

उक्त बातें अटेवा के जिलाध्यक्ष जैनुल खान ने बुधवार को अटेवा पेंशन बचाओ मंच की टड़ियावां इकाई के तत्वावधान में ब्लॉक संसाधन केंद के सभागार में दिल्ली चलो जागरूकता सम्मेलन के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि समय है लोकसभा चुनाव का, बिगुल बज चुका है सभी अधिकारी, शिक्षक व कर्मचारी आगामी पहली अक्टूबर को परिवार सहित



दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचे और सरकार को अपनी एकता व संघर्ष का अहसास करा दें। श्री खान ने कि पेंशन शंखनाद रैली में देश की सभी शिक्षक व कर्मचारी संगठन एक साथ सरकार को नींद से जगाने का काम करेंगें। जिससे सरकार पुरानी पेंशन योजना को बहाल पर विवश होगी। रैली प्रभारी व जिला संयुक्त मंत्री विनीत मिश्रा ने मौजूद लोगों से अपील करते हुए कहा कि सोई हुई सरकार को जगाना है, अपने बुढ़ापे की लाठी को ससम्मान वापस लाना है। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सलाहकार ओम प्रकाश व विशिष्ट अतिथि बीईओ टड़ियावां अनुज कुमार सक्सेना मौजूद रहे। मंडल अध्यक्ष आशीष वर्मा, जिला महामंत्री सायुज्य मिश्रा, कोषाध्यक्ष सतीश चंद्र प्रजापति, जिला प्रवक्ता अनुराग मिश्रा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी गौरी शंकर, जिला सलाहकार अरविंद कुमार, जिला कैडर प्रमुख प्रमोद राठौर, सह कैडर प्रमुख महेंद्र वर्मा, जिला मंत्री महेश प्रसाद, प्रिंट मीडिया प्रभारी घनश्याम, ब्लॉक महामंत्री, टड़ियावां आनंद पाल, दीपंकर गौतम ने संबोधित किया। इस दौरान ब्लॉक इकाई का विस्तार भी किया गया। जिसमें कई साथियों को संगठन की जिम्मेदारी दी गई। जिला अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर मनोनयन पत्र सौपें। संचालन जिला मीडिया प्रभारी राजीव कुमार व सिद्धार्थ पांडेय ने किया। इस मौके पर ब्लॉक कोषाध्यक्ष महावीर साहू, उपाध्यक्ष सरीफुद्दीन, रविन्द्र कुमार, कर्मरूचि सिंह, डॉ रजनीश पाल, रविन्द्र यादव, सुशील कुमार, जमीर म्हाफ, वीना कुमारी, मतलूब, मुकेश कुमार, अरविंद तिवारी, राजेश शर्मा, कृष्ण कुमार, परमानंद त्रुवेदी, आशीष सोनकर, अनुभव पांडेय, अनुराग सिंह, अरुण वर्मा, ललितकान्त राजवंशी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।।

### रोटरी विश्वशांति चौराहे का अवलोकन
## पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर मेहता ने किया दौरा
### शांति और सद्भाव को बताया आज की सबसे बड़ी जरूरत

**वाराणसी ब्यूरो/समाज जागरण**



रोटरी अंतर्राष्ट्रीय के पूर्व अध्यक्ष कोलकाता निवासी शेखर मेहता ने अपने दो दिवसीय वाराणसी और मिजार्पुर के दौरे के दौरान वाराणसी हवाईअड्डे के पास स्थित रोटरी विश्व शांति चौराहा का अवलोकन किया और कहा कि आज पूरे विश्व को शांति व सद्भाव की बड़ी जरुरत है. रूस व यूक्रेन युद्ध के 20 महीने से जारी रहने और कुछ वैश्विक शक्तियों के बीच वैचारिक संघर्ष को मानव जाति के लिए खतरनाक बताते हुए उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया को एकजुट होकर रहना होगा. रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल द्वारा गतवर्ष स्थापित यह सुंदर चौराहा हम सबको विश्व शांति और सद्भाव का बड़ा सन्देश देता है.

उन्होंने आगे कहा कि पूरी दुनिया के रोटरी सदस्य देशों की सीमा से ऊपर उठकर अब वैश्विक साक्षरता के लिए कार्यरत हैं. भारत और दुनिया से पोलियो की समाप्ति के बाद अब शिक्षा, पर्यावरण, कुपोषण और लैंगिक समानता जैसे विषयों पर हमारा विशेष ध्यान है. भारत को एक शिक्षित राष्ट्र बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कोशिशें जारी है जिसमें रोटरी भारत सरकार के साथ मिल कर काम कर रहा है.

प्रारम्भ में रोटरी चौराहे पर पहुँचने पर मंडल सचिव रो. देव प्रमोद अग्रवाल, रो. दिनेश गर्ग और रो. अजीत मेहरोत्रा ने शेखर मेहता और उनकी धर्मपत्नी राशी मेहता का स्वागत व अभिनन्दन किया. ज्ञात हो कि इस चौराहे का उद्घाटन गत वर्ष जून माह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा किया गया था.

अपने दौरे में शेखर मेहता ने काशी विश्वनाथ मंदिर व मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन किया और मिजार्पुर में मंडलाध्यक्ष सुनील बंसल के नेतृत्व में पब्लिक इमेज व साक्षरता विषय पर आयोजित रोटरी अंतरनगरी संगोष्ठी को संबोधित किया जिसमें 43 शहरों के 500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया.

## IMA में स्ट्राइक, गेट पर बिलबिला रहे अटेडेंट; बीजेपी युवा मोर्चा के नेता पर दुर्व्यवहार का आरोप

**वाराणसी ब्यूरो/समाज जागरण**

वाराणसी के लहुराबीर स्थित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (क्टअ) को बंदकर सभी मेडिकल स्टाफ रोड जाम करके स्ट्राइक पर बैठ गए थे। पूरा ब्लड बैंक करीब डेढ़ घंटे के लिए बंद कर दिया गया था। स्टाफ का आरोप है कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के किसी नेता ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। इसके चलते उन्होंने बंद करने का फैसला लिया था। सड़क जाम करके स्टाफ ने खूब हो हल्ला और शोर मचाए। इसके बाद चेतगंज थाना से पहुंची फोर्स ने स्टाफ को सड़क से हटाया। करीब 2 घंटे बाद क्टअ गेट खुला और ब्लड-प्लेटलेट्स वितरण का काम शुरू हो गया है।

IMA के गेट पर भारी भीड़ और अराजकता और आपातकाल की स्थिति बन गई थी। यहां किसी को मेडिकल इमरजेंसी थी, तो कोई सुबह 4 घंटे से लाइन लगाकर प्लेटलेट के लिए खड़ा था।



दूसरी ओर, डेंगू, चिकन गुनिया, टाइफाइड और वायरल फीवर मरीजों के लिए उनके परिजन प्लेटलेट्स के लिए बड़ी संख्या में क्टअ गेट के बाहर खड़े थे। न तो ब्लड मिल रहा और न ही प्लेटलेट्स। परिजनों ने कहा कि हमारे मरीज बेसुध हैं। उन्हें तत्काल प्लेटलेट्स चाहिए। ऐसे में कोई दिक्कत होगी तो कौन जिम्मेदार होगा।

### गोदौलिया की सड़क पर लगा जाम

IMA के स्टाफ ने लहुराबीर से गोदौलिया की ओर जाने वाले एक ओर की पूरा सड़क ही जाम कर दिया था। वहीं, मौके पर पहुंचे चेतगंज थाना के इंस्पेक्टर ने स्टाफ को काफी समझाने-बुझाने का प्रयास किया। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई थी। तीमारदारों ने कहा कि सुबह से ही प्लेटलेट्स के लिए लाइन में लगे हैं। अंदर बोला जा रहा है कि ब्लड बैंक बंद हो गया। तीमारदार सतीश यादव ने कहा कि स्टाफ ने कहा कि मेरे साथ मारपीट हुई है तो हम लोग स्ट्राइक पर जा रहे हैं। इसके बाद ब्लड बैंक बंद करके चले गए हैं।

## पुलिस ने देह व्यापार रैकेट का किया खुलासा, 4 महिलाएं गिरफ्तार

**वाराणसी ब्यूरो/समाज जागरण**

वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन के बाहर देह व्यापार का धंधा करने वालों के खिलाफ सिगरा पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की है। सिगरा थाना प्रभारी राजू सिंह के नेतृत्व रोडवेज चौकी इंचार्ज बृजेश सिंह ने इंग्लिशिया



लाइन से रोडवेज के बीच चल रहे देह व्यापार करने वालो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4 महिलाओं को मौके से हिरासत में लिया है। व्यापारियों ने शिकायत की है कि देह व्यापार करने वाली महिलाओं की वजह से आम लोग उक्त स्थान पर खड़े भी नहीं हो पा रहे थे। ये महिलाएं आए दिन यात्रियों से मारपीट और बदसलूकी करती थी। यही नहीं बाहर से आई महिला और युवतियों को भी लोग उक्त स्थान पर गन्दी निगाह से देखते है। ऐसे में इसकी शिकायत सिगरा पुलिस से की गई।

बता दें कि, बीते कई दिनों से पुलिस को देह व्यापार करने वाली महिलाओं के खिलाफ शिकायत मिल रही थी। ऐसे में सिगरा पुलिस ने महिला पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर इस धंधे में संलिप्त महिलाओं को पकड़ने की योजना बनाई। पहले पुरुष पुलिसकर्मी कस्टमर बनकर देह व्यापार करने वाली महिलाओं के पास पहुंचे, जब उन्हे पुख्ता हो गया तो उन्होंने मौके पर मौजूद सादे वस्त्र में महिला पुलिसकर्मियों को इशारा किया और देह व्यापार में संलिप्त महिलाओं को हिरासत में ले लिया गया।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

**समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक / साइज 3X5 Cm**

## रेल प्रशासन द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है

वाराणसी सम्पूर्ण भारतीय रेलवे के साथझसाथ वाराणसी मंडल पर 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर,2023 तक स्वच्छता ही सेवा थीम पर ह्वस्वच्छता पखवाड़ाह्व चलाया जा रहा है ।

स्वच्छता पखवाड़ा के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में वाराणसी मंडल पर पखवाड़े के बारहवें दिन ह्वस्वच्छ जलाशय एवं पार्क दिवसह्व मनाया गया, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक द्वारा नामित अधिकारियों ने वाराणसी मंडल पर स्थित बनारस,वाराणसी सिटी,प्रयागराज रामबाग,गाजीपुर सिटी, मऊ, आजमगढ़, बलिया,बेल्थरा रोड, भटनी, देवरिया सदर,छपरा , सीवान, स्टेशनों के साथ अन्य स्टेशनों के सकुर्लेटिंग एरिया में स्थित पार्कों और जलाशय (ढङ्खल्ला) परिक्षेत्र में अभियान चलाकर गहन साफ-सफाई की गयी एवं यात्रियों एवं आम जनता स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए खाली स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया ।

स्वच्छता पखवाड़ा के बारहवें दिन आज बनारस स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया स्थित पार्कों और जलाशय एवं उसके परिक्षेत्र का गहन सफाई अभियान चलाया गया और स्वच्छता रैली निकालकर यात्रियों को सफाई के प्रति जागरूक किया गया। बनारस स्टेशन पर यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए पम्प्लेट्स का वितरण किया गया।

देवरिया स्टेशन पर स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत निष्प्रयोजन खाली भूमि पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण के





प्रति लोगो को जागरूक किया गया और पैसेंजर्स को सफाई के प्रति जागरूक किया गया और स्टेशन पर कार्यरत कर्मचारी को सफाई के प्रति जागरूक किया गया और सफाई के प्रति जन मानस को जागृत करते हुए प्लास्टिक के बढ़ते दुष्प्रभाव के बारे मे बताया गया और स्टेशन की सफाई कराया गया और पैसेंजर को जागरुक करते हुए स्वच्छता बनाए रखने के लिए उनसे अनुरोध किया गया साथ ही बताया गया कि प्लास्टिक के कारण कैंसर जैसे गंभीर बीमारी होती है इसलिए स्टेशन परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर रखें ट्रेन में यात्रा के दौरान भी डस्टबिन का उपयोग करें ' मऊ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों एवं कर्मचारियों के बीच कपड़े के थैलो का वितरण किया गया तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया गयो इस दिन, प्लास्टिक से पर्यावरण एवं मनुष्य के हेल्थ पर दुष्परिणामो के विषय में विस्तार से समझाया ' आजमगढ़ रेलवे स्टेशन पर आज दिनांक को स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत पार्कों की विशेष सफाई कराई गई एवं लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं गंदगी न फैलाने के लिए जागरूक किया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा के बारहवें दिन आज प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए पम्पलेट का वितरण किया गया। गाजीपुर सिटी स्टेशन पर स्वच्छता अभियान के तहत पार्क एवं जल बूथों की विशेष साफ-सफाई कराई गई और स्टाफ तथा यात्रियों को जागरूक करते हुए डस्टबिन प्रदान किया गया ।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आज छपरा जं स्टेशन पर "स्वच्छ जलाशय और पार्क "के थीम पर पार्क और जलाशय की विशेष सफाई कराई गई और यात्रियों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत छपरा स्टेशन परिसर में "नुक्कड़ नाटक"के द्वारा यात्रियों के बीच स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें गिला कचरा को हरा डस्टबिन में और सूखा कूड़ा को नीला डस्टबिन में डालने के लिए यात्रियों को प्रेरित किया गया तथा खुले में मूत्र विसर्जन के लिए मना किया गया तथा इससे पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया।

इस दौरान स्टेशनों एवं रेलवे परिसरों में साफ-सफाई की उपयोगिता तथा गन्दगी से होने वाले नुकसान पर यात्री जनता में पम्पलेट बांटे गये तथा स्टेशन परिसर में पौधा रोपण किया गया तथा आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति स्व उत्प्रेरित होने एवं जागरूक रहने हेतु प्रचार-प्रसार की दृष्टि से स्टेशनों पर ऑडियो/ वीडियो संदेशों के माध्यम से आम जन को जागरूक किया जा रहा है ।

## सपा कार्यकताओं ने प्रदेश सचिव का फूलमालाओं के साथ किया स्वागत
### मिशन लोकसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा

बिलग्राम-हरदोई /माधौगंज कस्बे के एलपीएस स्कूल के सामने एक प्रतिष्ठान पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने प्रदेश सचिव राजेश यादव का भव्य स्वागत किया। कार्यकताओं के साथ बैठक करते हुए श्री यादव ने स्वामी प्रसाद मौर्या द्वारा दिए गए विवादित बयान को लेकर खेद प्रकट किया। इसके साथ ही आगामी लोकसभा



चुनाव को लेकर पार्टी के कार्यकताओं में जोर भरने की अपील करते हुए कहा कि घोसी सीट पर जीत के लिए प्रदेश नेतृत्व ने पहले ही भांप लिया था। साथ में मौजूद पूर्व प्रत्याशी बृजेश वर्मा टिल्लू, जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव, नगर अध्यक्ष मो. फुरकान, बिहारीलाल यादव, शैलेन्द्र यादव पप्पू, दीपू अवस्थी, मुलायम सिंह, नेत्रपाल यादव, गंगाराम राठौर, धर्मेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।।

## छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने वाला शिक्षक गिरफ्तार

हरदोई थाना साण्डी कस्बे के एक इंटर कॉलेज की छात्रा ने शिक्षक पर छेड़छाड़ कर फोटो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया। पीड़िता ने बुधवार को थाने में तहरीर दी थी, जिस पर पुलिस ने शिक्षक पर एफआईआर दर्ज कर आज शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।आप को बताते चलें कि सांडी के एक गांव की किशोरी ने बताया कि कस्बा स्थित एक इंटर कॉलेज में वह कक्षा 11 की छात्रा है। छात्रा ने आरोप लगाते हुए कहा कि कॉलेज में शिक्षक शहनबाज उसे अकेले कमरे में बुलाते हैं और उसके साथ छेड़छाड़ करते हैं। कई बार शिक्षक ऐसा कर चुके हैं। इसके अलावा अकेले में न मिलने पर विज्ञान विषय में कम नंबर देने की धमकी देते हैं।पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने बताया कि शिक्षक पर एफआईआर दर्ज आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## पंडोखर सरकार की खुली चुनौती, मेरे सवालों का जवाब देने वाले को 11 लाख का नगद

**पंडोखर में होगा प्रतियोगिता का आयोजन, देश भर के पर्ची बनाकर भविष्य बताने वालों को खुली चुनौती**

**पंडोखर सरकार के 10 सवालों के जवाब देने वाले को चाँदी का मुकुट पहनाकर व 11 लाख रुपये देकर किया जाएगा सम्मानित**

(सुघर सिंह ब्यूरो चीफ)

पंडोखर धाम / भांडेर/ दतिया। देश भर में प्रसिद्ध पण्डोखर सरकार के त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार में पण्डोखर सरकार धाम के पीठाधीश्वर पंडित गुरुशरण शर्मा ने एक मीडिया संस्थान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से मिली चुनोती को स्वीकार करते हुए पर्ची लिखकर तथाकथित दरबार चलाने वालों की प्रतियोगिता आयोजित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहाँ कि अगले वर्ष अप्रैल में देश भर के पर्चे बनाकर भविष्य बताने बालों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी इस प्रतियोगिता में अगर कोई भी पर्ची बनाने वाला 10 सवालों के जवाब देगा तो उसको 11 लाख का इनाम दिया जाएगा और चाँदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया जाएगा।

त्रिकालदर्शी गृहस्थ संत के रूप में विख्यात पंडोखर धाम के पीठाधीश्वर गुरुशरण जी महाराज के शिष्य और पण्डोखर धाम ट्रस्ट के संस्थापक व सचिव मुकेश कुमार गुप्ता सागर ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगियों के आगे आते ही स्थान और समय की भी शीघ्र घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि श्री गुरुशरण जी महाराज पण्डोखर सरकार ने सनातन धर्म की शक्तियों को तथाकथित सनातनियों से ही मिल रही चुनौतियों से आहत होकर उनकी चुनौती को स्वीकार करते हुए तथाकथित त्रिकालदर्शियों अथवा पर्ची लिखकर तथाकथित दरबार चलाने वालों को ही उल्टी चुनौती देकर उनसे प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। श्री गुरुशरण जी महाराज पण्डोखर सरकार द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेकर दरबार चलाने की सिद्धता प्रदर्शित करने वाले चार श्रेष्ठ प्रतिभागियों को चांदी के मुकुट पहनाकर सम्मानित किया जाएगा और उनमें से एक सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी को चांदी का मुकुट के साथ ही पण्डोखर सरकार धाम ट्रस्ट की ओर से ग्यारह लाख रुपए राशि का नगद पुरस्कार भी दिया जायेगा।

गुरुशरण जी महाराज ने कहा कि उनके स्वयं के गुरुस्थान श्री हाथीवान महाराज बरहा धाम से कृपा प्राप्त अथवा उनके आशीर्वाद से पर्ची लिखकर दरबार चलाने वाले उनके शिष्य इस प्रतियोगिता में भाग तो ले सकेंगे परंतु वे प्रतियोगी नहीं होंगे। भिन्न भिन्न नाम से तथाकथित पर्ची लिखकर छद्म दरबार चलाने वालों और छद्म सनातनियों को पण्डोखर सरकार के त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार से मंगलवार को गुरुशरण जी महाराज ने उल्टी चुनौती देते हुए उनके द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने का आवाहन किया है।

### ♦ देश भर में त्रिकालदर्शी के नाम से विख्यात है पंडित गुरुशरण शर्मा

पंडोखर सरकार के पीठाधीश्वर गुरुशरण शर्मा ह्यत्रिकालदर्शीह्व के नाम से देश भर में विख्यात हैं उन्हें ऐसी दिव्य शक्तियां प्राप्त हैं वह सामने बैठे व्यक्ति के मन की बात जान लेते हैं। और उसका समाधान भी करते हैं। पंडोखर सरकार के पीठाधीश्वर पंडित गुरशरण शर्मा के दरबार पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में दुखी पीड़ित रोगी पहुंचते हैं और मुस्कुराते हुए बापस आते है। गुरु जी से मिलने के लिए टोकन सिस्टम से गुरुजी से मुलाकात होती हैं और मिलने वाले के भूत भविष्य वर्तमान की जानकारी दी जाती है। इसके अलावा पंडोखर दरबार में दैहिक दैविक भौतिक तापों का भी समाधान होता है पंडोखर सरकार के आशीर्वाद से लाखों लोगों को फायदा हुआ है। हजारों मां बहनों की सूनी गोद भरी है अगर किसी का धंधा नहीं चल रहा है और उसे किस धंधे में सफलता मिलेगी इसकी जानकारी भी पंडोखर धाम में दी जाती है ।पंडोखर धाम के पीठाधीश्वर पंडित गुरुशरण शर्मा को देशभर में अनेक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

### ♦ 9 वर्ष की उम्र से पंडोखर धाम की गद्दी पर हुए थे विराजमान गुरुशरण शर्मा

पंडोखर सरकार के पीठाधीश्वर पंडित गुरुशरण शर्मा 32 सालों से पंडोखर सरकार की गद्दी पर बैठे हैं और लोगों की अर्जियां सुनकर उनका समाधान बताते हैं। पंडित गुरुशरण शर्मा का जन्म 1983 में भिंड जिले के लहरा गांव में हुआ था। बचपन से ही वह पंडोखर सरकार धाम के प्रति समर्पित थे। 1992 में मात्र 9 साल की उम्र में वह पंडोखर धाम की गाड़ी पर बैठ गए 7 साल तक वहां बैठे रहे।

1999 से उन्होंने अपना स्वतंत्र दरबार लगना शुरू कर दिया बीते 32 साल से वह लोगों की अर्जियां सुन रहे हैं और उनकी समस्या का समाधान करते हैं ऐसी मान्यता है कि पंडोखर पर भगवान बालाजी और हनुमान जी और हाथीवान महाराज का आशीर्वाद प्राप्त है।

# नौकरी व शादी का झांसा देकर मुस्लिम युवक ने महिला का किया शारीरिक शोषण

## धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते हुए आरोपी ने वायरल की फोटो

**समाज जागरण,ब्युरो चीफ बी जी मिश्र**

हरदोई।लोनार थाना क्षेत्र में एक महिला ने एक मुस्लिम युवक पर नौकरी व शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पीड़ित महिला ने एएसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। एएसपी ने पूरे मामले में थानाध्यक्ष को कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए है।

जानकारी के अनुसार लोनार थाना क्षेत्र के एक गांव में ब्यूटी पार्लर संचालिका से नौकरी व शादी का झांसा देते हुए एक युवक ने उसका शारीरिक शोषण किया।



महिला ने युवक पर जब शादी के करने के लिए कहा तो महिला पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाब बनाया गया।महिला द्वारा धर्म परिवर्तन से मना करने पर शारीरिक सम्बन्ध के आपत्तिजनक वीडियो और फोटो वायरल कर दिए गए। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज उसे गिरफ्तार कर लिया है।

बताते चलें कि लोनार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी कई वर्ष पूर्व शादी होने के बाद पति से विवाद हो गया था। जिसके कारण वह मायके में रहने लगी। और मायके में ही उसने ब्यूटी पार्लर खोल कर अपनी गुजर बसर कर रही है। आरोप है कि उसकी ब्यूटी पार्लर के सामने आरिफ की दुकान है। इसके कारण उसका आरिफ की दुकान पर आना जाना था। आरोप है कि आरिफ ने नौकरी दिलाने व शादी करने का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। महिला के अनुसार कई बार अलग-अलग जगह पर बुलाकर उसका शारीरिक शोषण किया गया। महिला ने जब शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने धर्म परिवर्तन के लिए दबाब बनाया। विवाहिता ने आरोप लगाया कि आरिफ ने उसके साथ शारीरिक सम्बन्धो के समय ली गयी उसकी आपत्तिजनक फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। लोनार थानाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी आरिफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसको गिरफ्तार किया गया है।तथा महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

# पाली में परंपरागत तरीके से निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी

**समाज जागरण संवाददाता**

पाली,हरदोई। पैगंबर-ए इस्लाम की यौम ए पैदाइश पर हर वर्ष की भांति और शांति का पैगाम दिया। और देश मे अमन और चेन की दुआ मांगी। चेयरमैन रिजवान खां ने भी यौमे



इस वर्ष भी गुरुवार को पाली कस्बे में मुस्लिम समाज के लोगो ने परम्परागत तरीके से जुलूस-ए मोहम्मदी बड़े ही धूम धाम के साथ निकाल कर मोहम्मद साहब को याद किया। इस मौके पर मस्जिदों के साथ साथ घरों को भी आकर्षक तरीके से सजाया गया। वहीं कुरान को पढ़कर अमन चैन की दुआ मांगी गई। गुरुवार को पाली नगर में मुश्लिम समुदाय के लोगों ने इस्लामिक झंडों को हांथों में लेकर मोहल्ला शेखसराय की जामा मस्जिद से जुलूस की शुरूआत की। जुलूस सुंदर चौराहा के रास्ते होता हुआ लाल खां मस्जिद पहुंचा। यहां से डाकघर होता हुआ आविदनगर से गुजरकर पुनः जामा मस्जिद पहुंचकर सम्पन्न हुआ। जुलूस में शामिल लोगों को रास्ते में जगह जगह जलपान कराया गया। जुलूस को देखने के लिए मुस्लिम महिलाएं घरों की छतों पर जमा हुई थी। जुलूस के माध्यम से लोगों ने अमन पैदाइश के मौके पर लोगो को ईद उल मिलादुन्नवी की मुबारकवाद देते हुए अपनी तकरीर में कहा कि इस्लाम बुराइयों को खत्म कर ईमान, नेकी और शांति का पैगाम देता हैं। उन्होंने कहा कि आप लोगों के दिलों में नवी की मोहब्बत इस्लाम के जिंदाबाद होने का सबूत हैं। निवर्तमान सपा के जिलाउपाध्यक्ष रहमत अली मोनू ने कहा नवी से मोहब्बत करने वालों पर अल्लाह हमेशा खुश रहता हैं। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीओ शाहबाद हेमंत उपाध्याय, पाली इंस्पेक्टर धीरज शुक्ला हरपालपुर, बेहटागोकुल थानों की पुलिस बल के साथ मौजूद रहे और अराजकतत्वों पर बारीकी से नजर रखी। शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस सम्पन्न हुआ। इस मौके पर इमरान खा, हसन अहमद, मोहम्म शाहिद खां, सरताज खां, फुरकान खां, अहबाब खां, वाहिद, बहीद, रिजवान अली, आदि मौजूद रहे।

# श्री सिद्ध विनायक महोत्सव समिति द्वारा निकाली गई शोभायात्रा

**समाज जागरण,सावन सैनी**

सांडी,हरदोई।श्री सिद्धि विनायक महोत्सव समिति के द्वारा बाबा कमलेश्वर नाथ महादेव मंदिर सतमठिया में आयोजित श्री गणेश महोत्सव के 10 वें



दिन सांडी के महाराज की विसर्जन शोभा यात्रा बड़े धूम धाम से निकाली गई।शंकर - पार्वती ,राधा-कृष्ण,भारत माता ,राम दरबार की झांकी,भोलेनाथ के साथ अघोरी, एक नाव में राधाकृष्ण का नृत्य आदि मनमोहक झांकियां शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण केंद्र रहीं।शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ गजानन महाराज का उदघोष करते हुये नगर के मुख्य चौराहों से भ्रमण करते हुए गरुण गंगा में गणपति महाराज को विसर्जित किया गया। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख़्ता इंतजाम किये गए थे।जिसके लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया।शोभा यात्रा के दौरान डॉ पंकज त्रिवेदी, मुकेश वर्मा,संजीव राठौर,अनुराग कुशवाहा, डॉ निरपेन विश्वास, शीबू गुप्ता ,कपिल गुप्ता, गुड्डू राजपूत, नीरज सैनी,अमित राजपूत,प्रधान जीतू राजपूत निखिल अग्निहोत्री,अशोक राजपूत, दीपक पाठक आदि प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

# गांव के शतप्रतिशत लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें:- डीएम

## अमृत सरोवर में साफ-सफाई कराते रहे:- एम0पी0 सिंह

**समाज जागरण ब्यूरो**

---------------------------

हरदोई। मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अहिरोरी ब्लाक के ग्राम खॉड़ा खेड़ा में ग्राम पंचायत की ओर से आयोजित कलश यात्रा में भाग लिया। यात्रा के दौरान महिलाओं ने घर-घर से कलश में मिट्टी एवं चावल जमा किया और कलश यात्रा प्राथमिक विद्यालय से प्रारम्भ होकर पंचायत भवन तक आयोजित की गयी।



इस दौरान जिलाधिकारी ने गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बनाये जा रहे आयुष्मान कार्ड की जानकारी ली तथा एएनएम, आशा तथा ग्राम प्रधान को निर्देश दिये कि गांव के शतप्रतिशत लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने गांव के अमृत सरोवर का निरीक्षण किया तथा सरोवर का अच्छा निर्माण एवं वृक्षारोपण आदि देखकर ब्लाक प्रमुख तथा ग्राम प्रधान की प्रशंसा की, और कहा कि सरोवर की सफाई करा दें ताकि लोग स्नान आदि भी कर सकें।

इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख धर्मवीर सिंह पन्ने, ग्राम प्रधान, पीडी, जिला विकास अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं एमओआईसी अहिरोरी सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का तीन दिन में कराएं निस्तारण:- नगर मजिस्ट्रेट

समाज जागरण ब्युरो

---------------------------

हरदोई।कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर लम्बित शिकायतों के सम्बन्ध में नगर मजिस्टेज्ट प्रशान्त तिवारी ने उपस्थित अधिकारियों से



कहा कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर वापस आयी असंतुष्ट शिकायतों के निस्तारण हेतु अधिकारी स्वयं गांव जाकर शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण उसकी, ग्राम प्रधान, सचिव एवं अन्य ग्रामवासियों के समक्ष जाकर तीन दिन में करायें। उन्होने कहा कि इसके अतिरिक्त सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना समाधान दिवस एवं जिलाधिकारी आदि के माध्यम से प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्दर करना सुनिश्चित करें और कोई भी शिकायत डिफाल्ट की श्रेणी में न रखें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला पंचाचत राज अधिकारी, पीडी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत आदि उपस्थित रहें।

# नारे तकबीर अल्लाह अकबर की सदाओं से गूंजी फिजाएँ

## अकीदत और एहतराम के साथ निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी, जगह जगह सजावट और नातों की सदाओं से रातभर रहा नूरानी माहौल

समाज जागरण संवाददाता

---------------------------

सण्डीला, हरदोई।कस्बे में शान ओ शौकत से निकले जुलूस-ए-मोहम्मद में नारे तकबीर की सदाओं से कस्बा गूंज उठा इससे पहले रात भर सजावट और जगह जगह नात पाक तिलावतों से माहौल नूरानी बना रहा है।

कस्बे के मदरसा गौसिया में सुबह करीब 10 बजे कुरआन ख़्वानी के बाद नातो सलाम के बीच जुलूस की शुरूआत हुई। मदसरे के मौलाना मेंहदी हसन ने नातो सलाम के बीच हरी झंडी दिखाकर अंजुमन मुफीदुल मुस्लिमीन के सदर डॉ0अहमद सईद की अगुवाई में जुलूस को रवाना किया। इस वर्ष गौसिया मदरसा के बानी जुबैर अहमद के इन्तिकाल के बाद अंजुमन मुफीदुल मुस्लिमीन के सदर कस्बे के प्रतिष्टित चिकित्सक डॉ0अहमद सईद को बनाया गया है।

जुलूस की अगुवाई मदरसा गौसिया के परचम ने की जिसके पीछे शहर की दर्जनों अंजुमन के परचम शामिल हुए।

जुलूस छोटे चौराहे से होकर इम्लियाबाग मंडई होते हुए छोटा चौराहा पहुंचा जहां से विशाल जुलूस मुख्यमार्ग से होकर बस अड्डा पर चेयरमैन रईस अंसारी के आवास पर जुलूस का स्वागत किया गया।

जहां नातो सलाम के साथ जुलूस की समाप्ति हुई। इसके बाद बांगरमऊ रोड से मुड़कर सभी अंजुमन अपने अपने गंतव्य के लिये रवाना हुई। जुलूस में हजारों छोटे बड़े झंडे, झांकियां, ट्रैक्टर ट्रालियां, छोटे बड़े वाहन, घोड़े बग्घी आदि ने मन मोह लिया। इस दौरान नारे तकबीर की सदाओं से कस्बे की फिजा गूंजती रही।

जुलूस में डा0 अशहर सईद, माज अहमद, हसन मक्की, नौमान खां, काशिफ,फरीदुद्दीन, मौलाना मेंहदी हसन आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।




इससे पूर्व रात में कस्बे के मोहल्लों में जगह जगह गलियों और झांकियों को सजाया गया। रात में पुरानी तहसील से परचमे मोहम्मदी का जुलूस निकला। जो कस्बे में रातभर गश्त करते हुए सुबह वापस अपने स्थान पर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान जगह जगह भारी पुलिस फोर्स तैनात रही।

### महावीर झंडा मेला कमेटी ने किया जुलूस-ए-मोहम्मदी का इस्तकबाल

देश मे एक ओर जहां मजहब के नाम पर तनातनी मची हुई है। वहीं दूसरी ओर कस्बा सण्डीला अपनी तहजीब को बरकरार रखे है। अभी दो दिन पूर्व ही निकली श्री महावीर झंडा मेला जुलूस का मुस्लिम समुदाय ने जहां स्वागत किया था। वहीं गुरुवार को पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मोत्सव पर निकले जुलूस-ए-मोहम्मदी का महावीर मेला कमेटी अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री ने जोरदार स्वागत किया। फूल मालाओं और मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी।

# दीक्षांत समारोह में छात्र छात्राओं को कुलाधिपति ने किया सम्मानित.

**समाज जागरण ,कमलेश कुमार**

मल्लावां,हरदोई ।दिव्य कृपाल महाविद्यालय गोसवा की वाणिज्य संकाय में स्नातक स्तर की छात्रा मोना वर्मा को कानपुर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कुलपति ने स्वर्ण पदक और कुलाधिपति ने काँस्य पदक से सम्मानित किया गया।



जानकारी हो कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के 38 वें दीक्षांत समारोह में छात्रा मोना वर्मा और विज्ञान संकाय के छात्र प्रशांत द्विवेदी को बीइएससीइ अंतिम वर्ष में आधिक अंक प्राप्त करने पर कुलाधिपति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कांस्य पदक से सम्मानित किया। वहीं कला संकाय में बीइएडइ अंतिम वर्ष की छात्रा शालिनी देवी व सीमा देवी को भी कुलाधिपति राजपाल आनंदीबेन पटेल ने कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन हेतु महाविद्यालय प्राचार्य डॉइ जीइएसइ यादव व भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉइ कौशलेन्द्र सिंह मौजूद रहे। महाविद्यालय प्रबंधक श्री राकेश कुमार वर्मा व प्रबंध निदेशक श्री पूर्णेन्द्र वर्मा ने भी छात्र-छात्राओं को अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं देकर महाविद्यालय स्तर पर सम्मानित भी किया।

# विधवा की जमीन पर दबंग कर रहे कब्जे का प्रयास

**समाज जागरण,रामप्रकाश राठौर**

---------------------------

शाहाबाद, हरदोई। तहसील क्षेत्र के एक गांव में दबंगों द्वारा एक विधवा महिला की जमीन पर कब्जा करने और मना करने पर विधवा महिला की पिटाई करने की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस ने महिला की गुहार पर कोई कार्रवाई नहीं की। महिला न्याय और अपनी जमीन से कब्जा करने की नियत किए कर निर्माण को रूकवाने के लिए दर दर भटक रही है।



तहसील क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर गयंद निवासी विधवा गीता पत्नी कंधई ने बताया उसके पति की मृत्यु हो चुकी है। गांव के मजरा कामेपुर में गाटा संख्या 1079 रकबा 0.335 में वह विरासतन 1/3 की हिस्सेदार है। गांव के ही गौरी शंकर पुत्र बुलाकी अपने पुत्रों अनिकेत और कस्तूरी के साथ मिलकर उसकी जमीन पर कब्जा करने की नियत से नींव खोद रहे हैं। उन लोगों ने मौके पर ईंट, मौरंग, गिट्टी आदि जमाकर रखा है। 23 सितंबर को वह अवैध रूप से हो रहे निर्माण को रूकवाने गई तो विपक्षियों ने लात,घूंसों से मारपीट कर बेइज्जत किया। मौके पर प्रेमराज पुत्र नन्हू,धर्मपाल पुत्र रज्जू आदि ने बचाया। वह अपनी शिकायत लेकर थाने गई तो प्रार्थना पत्र ले लिया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई।दबंग उसे गांव में गाली गलौज कर रहे हैं। वह न्याय के लिए दर दर भटक रही है।

# एसडीएम व अधिवक्ता के बीच हुए विवाद में अधिवक्ता के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और एससी एसटी का अभियोग दर्ज कराया

**समाज जागरण ब्यूरो बी जी मिश्र**

---------------------------

हरदोई।शाहाबाद में जनसुनवाई के दौरान एसडीएम के कार्यालय में अधिवक्ता और एसडीएम के बीच एक वाद को लेकर काफी तू-तू-मैं-मैं हो गई। अधिवक्ता ने तैश में आकर जोर-जोर से मेज पीटनी प्रारंभ कर दी। शोर शराबे के बीच तहसील मुख्यालय पर अफरातफरी व्याप्त हो गई। आज एसडीएम शाहाबाद पूनम भाष्कर ने अधिवक्ता के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने एवं जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का मामला दर्ज कराया है। बुधवार को शाहाबाद तहसील स्थित अपने कार्यालय में एसडीएम पूनम भास्कर जनसुनवाई कर रही थी।जनसुनवाई के दौरान भाजपा के नेता एवं अधिवक्ता अमित मिश्रा निवासी मौलागंज एक वाद के सिलसिले में एसडीएम से मिलने पहुंचे। एसडीएम सुश्री पूनम भास्कर का आरोप है धारा 207 के करुणा शंकर बनाम उत्तम कुमार बाजपेई के वाद के संबंध में प्रार्थना पत्र मौका के संबंध में तथ्यों को छुपा कर दिया गया था।

एसडीएम ने जब रीडर से पत्रावली तलब की तो रीडर द्वारा बताया गया उक्त केस में 20 सितंबर



को बहस हो चुकी है। अधिवक्ता को 27 सितंबर से पूर्व लिखित बहस दाखिल करने का अवसर दिया गया। एसडीएम सुश्री भास्कर द्वारा आरोप लगाया गया कि अधिवक्ता द्वारा अधोहस्ताक्षरी से पत्रावली प्रस्तुत करने का दबाव बनाया गया।

एसडीएम द्वारा अधिवक्ता को बताया गया कि अभी जनसुनवाई का समय है और दूर दराज से आए शिकायतकताओं की वह समस्याएं सुनकर उनका निराकरण कर रही हैं। जब न्यायालय में बैठे तब प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें। एसडीएम सुश्री भास्कर का आरोप है कि इसी बात से अधिवक्ता काफी उत्तेजित हो गए और जोर-जोर से मेज पीटकर अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे।

एसडीएम ने आरोप लगाया कि अधिवक्ता अमित मिश्रा जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जोर-जोर से चिल्लाने लगे कि किसी की औकात नहीं है कि वह उनको आने से रोक सके। वह जब चाहेगे तब आयेंगे। किसी के बाप में दम नहीं है, जिसकी हिम्मत हो वह रोक कर दिखाए। जोर-जोर से बहस होने पर कार्यालय के बाहर भारी भीड़ एकत्रित हो गई ।

एसडीएम न्यायालय के समस्त अधिकारी और कर्मचारी भी मौके पर आ गए। एसडीएम द्वारा आरोप लगाया गया कि इससे पूर्व अधिवक्ता अमित मिश्रा के पिता राम सनेही मिश्रा के मुंशी सुशील कुमार द्वारा भी फर्द अहकाम को काले पेन से क्रॉस किया गया था जिसकी लिखित शिकायत बार एसोसिएशन को दी गई थी। एसडीएम ने अधिवक्ता अमित मिश्रा के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी।

तहरीर के आधार पर अधिवक्ता अमित मिश्रा के धारा 353/ 186/ 504/ 506 एवं एससी एसटी के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।एसडीएम द्वारा अधिवक्ता के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और दलित एक्ट के अंतर्गत अभियोग दर्ज करा दिया गया है।

# एसपी ने हरपालपुर थाने पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**समाज जागरण संवाददाता**

हरपालपुर,हरदोई।पुलिस अधीक्षक केशवचंद गोस्वामी ने बुधवार की शाम कोतवाली पहुँचकर थाने की व्यवस्थाओं को परखा।उन्होंने थाने के अभिलेखों सहित अन्य जानकारी करते हुए व्यवस्था परखी।

जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने हरपालपुर का भृमण किया।एसपी द्वारा इस दौरान थाने



में रखे अभिलेखों, कंप्यूटर,सीसीटीवी कैमरे व अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस, मालखाना, शस्त्रागार, बंदीगृह, मेस, बैरक, जलपान की व्यवस्था, सीज किए गए वाहनों का रखरखाव, महिला हेल्प डेस्क, थाने पर रखे सभी असलहो की जांच पड़ताल की। एसपी ने थाना परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया तथा थाने पर मौजूद सरकारी वाहनों के रखरखाव व उनकी साफ सफाई पर ध्यान केंद्रित करने हेतु संबंधित को निर्देश दिए गए । इस दौरान आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए । इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह सहित थाने के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# जोशो खरोस के साथ निकाला गया जुलूस से मोहम्मदी

समाज जागरण,रामप्रकाश राठौर

---------------------------

शाहाबाद,हरदोई । हर साल की तरह इस साल भी मदरसा अनवारे मुस्तफा से मुफ़्ती शहादत हुसैन की सरबराही में जुलूस ए मुहम्मदी निकाला गया । इस जुलूस में शहर की 30 अंजुमनों के छोटे छोटे जुलूस शामिल हुए । जिनमे मोहल्ला सुलेमानी से अफसार हुसैन , दिलावरपुर से हाफिज तालिब , ताजपुरा से हाफिज तौहीद , महुआटोला से अनस , बुधबाजार से कारी नसरुल्ला , बुधबाजार से ही हाफिज औसाफ साबरी , खेड़ा बलाएकोट से मौलाना वसीम ,सलमान खां , खेड़ा बीबीजइ से मौलाना कसीरउद्दीन , पक्काबाग से हाफिज मोहम्मद अली , गढ़ी से हाफिज जीशान , महमंद से हाफिज जीशान , बस स्टैंड मस्जिद से सय्यद अषिकुल कादरी , वाजिद खेल से मौलाना इक़्तेदार खां , अल्लाहपुर से मौलाना अब्दुल मुस्तफा , खलीलो से रिजवान , गिगयानी से हाफिज इमरान , वगैरह की सरबराही में जुलूस मदरसे में आकर बड़े जुलूस में शामिल हुए ।

सरकार की आमद मरहबा , मदनी की आमद मरहबा , नारे तकबीर अल्लाह हु अकबर , नारे रिसालत या रसु लुल्लाह ,पत्ती पत्ती फूल फूल या रसूल या रसूल , की सदाओ की बीच सुबह 9 बजे मदरसे से जुलूस निकाला। जिसमे बच्चे , बूढे , और नौजवान कुर्ता पैजामा पहने सर पर टोपी लगाए अपने नबी की आमद की खुशी में जोश ओ खरोश के साथ नारे लगा के



फजा को मुअत्तर कर रहे थे ।जुलूस बस स्टैंड से होता हुआ अल्लाहपुर तिराहे पहुंचा , तिराहे से नगरपालिका यहाँ वालदा शरीफ में ईदगाह के पूर्व अध्यक्ष मुहम्मद रईस खां वारसी ने चादर पेश की । नगर पालिका जे जुलूस जामा मस्जिस पहुंचा जहाँ मुफ़्ती शहादत हुसैन ने 30 मिनट तकरीर करते हुए जुलुस मे हाजिर लोगो से खिताब करते हुए कहा आज से 1445 साल पहले अरब की सर जमीन पे अल्लाह ने अपने महबूब मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम को पैदा फरमाया । जिस वक्त आप की विलादत हुई अहले अरब गुमराही में जिन्दगी बसर कर रहे थे, जुआ ,शराब , बेटी को जिन्दा दफन करना , कबीले बंदी , चोरी ,डकैती , आम थी ,

इसी फितने और बुराई को मिटाने के लिये अल्लाह ने मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम को अरब की सर जमीन पर पैदा फरमाया ।आप सारी दुनिया के लिए रहमत बन कर आए ,इसी लिए आप को राहमतुल लिलआलमीन भी कहा जाता है । आप ने सारे आलम को मुहब्बत का पैगाम दिया ।इस्लाम के माने शान्ति में दाखिल होने , इत्तेहाद , प्यार ,मुहब्बत के है । आज हमारे नबी की पैदाइश का दिन है इस लिए इस दिन को हम लोग ,ईद मिलादुन्नबी , के तौर पर मनाते हैं। घरो में चरागां करते हैं मीठा पकवान बनाकर खुशी का इजहार करते हैं , ये पूरा महीना जश्न ए ईद मिलादुन्नबी के नाम से मंसूब है ।इस माह मिलाद , जलसों का जगह जगह एहतिमाम किया जाता है । यह महीना इस्लामी महीनों में तीसरा महीना है। इस को रबीउल अव्वल कहा जाता है ।इसका दूसरा नाम माहे नूर भी है । जबकि गलत परम्परा में इसको बारह बफात कहा जाता है जो कि गलत है । इमाम जामा मस्जिद मकसूद हुसैन ने भी खिताब किया ।

कमेटी की जानिब से रईस खां वारसी , मास्टर इजहार खां , मोहम्मद वली पीरा , पुतान खां , आकिल मेम्बर , वगैरह ने जुलूस की जिम्मेदारी निभाई ।

### सभासदों ने जुलूस पर की पुष्प वर्षा

जुलस-ए- मोहम्मदी जैसे ही नगर पालिका परिषद कार्यालय के समक्ष पहुंचा। वहां पर बड़ी संख्या में मौजूद सभासदों ने जुलूस पर पुष्प वर्षा की और मौलानाओं को पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर आदित्य गौतम, रमाकांत मौर्य, रचित गुप्ता, मुईद, शोएब खान सहित बड़ी संख्या में सभासद और उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

मान सरकार बदलाखोरी पर उतारू- सुखपाल खैरा

# पंजाब के भुलत्थ का विधायक सुखपाल सिंह खैरा की चण्डीगढ़ से पंजाब पुलिस द्वारा गिरफ्तारी

*2015 में दर्ज झूठे बेबुनियाद केस पर सुप्रीम कोर्ट से मिला हुई है राहत – सुखपाल सिंह खैरा*

विनोद कश्यप प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः पंजाब के भुलत्थ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा को पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चंडीगढ़ से सुखपाल खैरा की गिरफ्तारी की गई है। पंजाब पुलिस यहाँ उनके आवास पर सुबह-सुबह पहुंची थी। गिरफ्तारी के दौरान सुखपाल खैरा और पुलिस में बहसबाजी भी हुई।
बताया जा रहा है कि एनडीपीएस अधिनियम के तहत 2015 में दर्ज एक मामले को लेकर खैरा को गिरफ्तार किया गया है। यह मामला फाजिल्का के जलालाबाद में दर्ज किया गया था। हालांकि, सुखपाल खैहरा का कहना है कि उनपर दर्ज यह मामला एकदम झूठा है। जिसके लिए उन्हें सुप्रीम कोर्ट से राहत भी मिल चुकी है।

## भगवंत मान सरकार पर बदलाखोरी का आरोप

गिरफ्तारी को लेकर सुखपाल खैरा ने पंजाब की भगवंत मान सरकार पर बदलाखोरी का आरोप लगाया है। सुखपाल खैरा ने कहा- पंजाब में जंगल राज चल रहा है, बदलाखोरी का राज है। क्योंकि मैं सीएम भगवंत मान का



विरोध करता हूं, इसलिए मेरे खिलाफ यह कार्रवाई की जा रही है। मेरे पीछे सभी मेरे बेटे के साथ संपर्क कर सकते हैं।

## चिंता नहीं करनी

खैरा ने सभी से उन्हें लेकर चिंता न करने की अपील भी की। खैरा ने कहा- सभी से अपील है कि चिंता नहीं करनी। पहले भी इस प्रकार के 50 मामलों से लड़ चुका हूँ। यह भी लड़ूंगा और आराम से लड़ूंगा, मेरे में दम है। पर ये इनकी करतूत देख लो, 2015 के पुराने झूठे केस में चंडीगढ़ से मुझे गिरफ्तार कर रहे हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट से मामले में सम्मन क्रैश किए हुए हैं और मामले में राहत मिली हुई है।

# सुखपाल सिंह खैरा की गिरफ्तारी पर पंजाब प्रदेश प्रधान राजा वडिग ने मान सरकार को लिया आडे हाथों, लगाए अनेकों आरोप

सुखपाल सिंह के बेटे ने पंजाब एक्शन पर कोर्ट कार्रवाई की दी धमकी

विनोद कश्यप, प्रभारी , दैनिक समाज जागरण पंजाबी हरियाणा व चण्डीगढ़



चण्डीगढ़, सितम्बरः पंजाब के कांग्रेस नेता और भुलत्थ विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुखपाल सिंह खैरा के बेटे ने अपने पिता की चण्डीगढ़ में उनके निवास से आज बृहस्पति वार को गिरफ्तारी पर कहा कि अगर हम दोषी हैं तो पंजाब सरकार कोर्ट के माध्यम से हमें नोटिस जारी करवाती। तब हम कोर्ट में पेश होकर अपना पक्ष रखते। पंजाब के लोग भली भाँति जानते हैं कि सुखपाल सिंह खैरा ने हमेशा पंजाब के पक्ष की बातों की वकालत की है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस ने रिमांड की कोशिश की या उनकी ओर से कोर्ट में उनके रिमांड की बात आते ही हम बेल लगाएंगे।
इस मामले पर पंजाब कांग्रेस के प्रधान राजा वडिग ने कहा कि मान सरकार की ओर से ऐसा कदम उठाना एकदम निंदनीय बात है। जो कुछ हुआ सोची समझी साजिश के साथ हुआ है। इस मामले में पंजाब पुलिस को चण्डीगढ़ पुलिस ने अवश्य सहयोग दिया होगा, जो यह साबित करता है कि पंजाब पुलिस के साथ चण्डीगढ़ पुलिस भी मिली हुई है।
राजा वडिग ने कहा कि मान सरकार की ओर से अब तक पंजाब कांग्रेस के नेताओं पर जितने भी मामले दर्ज करवाए गए हमने हरेक का डटकर मुकाबला किया। उन्होंने कहा कि पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव को उन्होंने हमेशा समझदार व्यक्ति माना, लेकिन इस सरकार के आने पर उन्हें क्या हो गया है जो बिना सोचे समझे निर्देश दिए जाते हैं। आज पंजाब में स्थिति ऐसी है कि मान सरकार के ही विधायक ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की निंदा करते हुए उनके ऊपर 25 लाख रुपये का आरोप लगा रहे हैं। राजा वडिग ने यह भी कहा कि हैरान करने वाली बात है कि वकील को ही पकड़ लिया गया। ऐसा माहौल बन जाने से पंजाब में जंगल राज दिखाई दे रहा है। पंजाब पुलिस इन दिनों अपनी अधिकार सीमाओं को लांघकर बेसिरपैर की कार्यवाही कर रही है।

*पेमेंट कमेटी की 10 दिन में एक बैठक अनिवार्य*

# हरियाणा में निकायों के अध्यक्षों के वित्तीय अधिकारों लगी शर्तें

50 लाख या अधिक के प्रोजेक्ट के लिए संबंधित जिला पालिका आयुक्त ही दे पाएंगे मंजूरी

विनोद कश्यप, प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़,28 सितम्बरः हरियाणा सरकार ने नगर पालिका परिषद और नगर पालिका समिति के अध्यक्षों को बड़ा झटका दिया है। सरकार द्वारा बढ़ाए गए वित्तीय अधिकार के प्रयोग में शहरी एवं स्थानीय निकाय विभाग के द्वारा कुछ शर्तें जोड़ दी गई हैं। इन शर्तों के तहत हर बिल भुगतान का नागरिक निकाय द्वारा 10 दिन के भीतर फैसला किया जाएगा। इसके साथ ही पेमेंट कमेटी की 10 दिन में एक मीटिंग करना जरूरी किया गया है।
सरकार के द्वारा नगर पालिका परिषद और नगर पालिका समिति के अध्यक्ष 50 लाख रुपए तक के भुगतान के लिए संबंधित शहरी स्थानीय निकाय की भुगतान अप्रूवल कमेटी का चीफ बनाया गया है। साथ ही 50 लाख रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट के लिए, संबंधित डिस्ट्रिक्ट म्यूनिसिपल कमिश्नर को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## शर्तें जिनका पालन अनिवार्य

स्थानीय निकाय विभाग के सचिव विकास गुप्ता ने ठेकेदारों को पेमेंट जारी करने के लिए कुछ शर्तें रखीं हैं। इनमें नगरपालिका कार्यों की ई-टेंडरिंग, सक्षम प्राधिकारी द्वारा भुगतान वृद्धि राशि की मंजूरी, भुगतान की मंजूरी से पहले जिला स्तरीय निगरानी समिति की सिफारिश और कुछ ठेकेदारों के पक्ष में कार्यों का विभाजन न करना शामिल है।

## कमेटी में ये लोग होंगे शामिल

भुगतान जारी करने के लिए नागरिक निकायों के लिए एक समय-सीमा तय की गई है। पेमेंट समिति 10 दिनों में कम से कम एक बैठक और एक माह में तीन बैठकें करेगी। जिला मुख्यालय की नगर पालिका परिषद के मामले में मुख्य कार्यकारी अधिकारी या नगर पालिका परिषद-नगरपालिका समिति के कार्यकारी अधिकारी समिति के सदस्य होंगे। संबंधित पार्षद, जिनके वार्डों में विकास कार्य हुए हैं, वे भी भुगतान अनुमोदन समिति के सदस्य होंगे।बैठक की तिथि, समय और स्थान तय करने का अधिकार नगर निकाय अध्यक्ष को दिया गया है।

# मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र में किया विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास

विनोद कश्यप
प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, 28 सितम्बरः हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली आज विभिन्न सरकारी परियोजनाओं के संबंध ऐलनाबाद विधानसभा के दौरे पर पहुंचे। ऐलनाबाद हलके में पहुंचे देवेन्द्र सिंह बबली ने इस मौके पर क्षेत्र के कई गाँवो में कई परियोजनाओं का उद्धघाटन एवं शिलान्यास किया।
कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया है उनमें सामुदायिक भवन, आधुनिक तालाब समेत कई परियोजनाएं हैं। यहाँ उन्होंने इस अवसर पर कई परियोजनाओं का शिलान्यास एवम उद्घाटन भी कियो ।
कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने इस कार्यक्रम के दौरान लोगो से जनसंवाद भी किया और क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान की बात कही। कैबिनेट मंत्री देवेंद्र बबली के साथ इस अवसर पर समाजसेवी कप्तान मीनू बेनीवाल भी मौजद रहे।



मीडिया से बातचीत में कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि आज अलग- अलग गाँवो में 30 करोड़ के उद्धघाटन एवं शिलान्यास किया गया है।उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा हरियाणा के अलग - अलग गाँवो में तालाब और ई लाइब्रेरी बनाई जा रही हैं।
उन्होंने कहा कि जिन गाँवो में सिंचाई और पीने की पानी की समस्या आयी है, उनका समाधान जल्दी ही करवाया जायेगा । देवेन्द्र बबली ने बताया कि वर्तमान में ऐलनाबाद किसी का गढ़ नहीं है, गढ़ खतम हो गए है। अगर गढ़ होते तो इलाके के लोग इतनी समस्या लेकर नहीं आते इस अवसर पर देवेन्द्र बबली ने इनेलो के अभय चौटाला पर तंज कसते हुए कहा कि इनेलो की कैथल में चौधरी देवीलाल की जयंती पर हुई रैली फ्लाफ साबित हुई है। जिन राष्ट्रीय स्तर इन्डिया गठबंधन के नेताओं की इस रैली में पहुँचने की अभय सिंह ने घोषणा की थी उनमें से किसी ने भी इनेलो और उसके नेताओं को महत्व नहीं दिया। इसलिए एक बात साफ हो गयी है कि भाजपा के विरोध में गठित किया जा रहा देश की विभिन्न पार्टियों की इच्छा इनेलो को अपने साथ जोड़ने की नहीं है। अगर इन्हें जोड़ना होता तो जैसे बाकी पार्टियों के नेताओं को बुलाया गया इन्हें भी अपनी विभिन्न बैठकों में बुलाते। क्योंकि ये लोग लूटपाट के उस्ताद कहलाते हैं, इसलिए हर कोई दूर रहेगा।उम्मीद है कि जब 2024 में चुनाव होंगे तो इस पार्टी का हरियाणा के साथ साथ देश में भी सफाया हो सकता है।
देवेन्द्र सिंह बबली अभय चौटाला के बारे में बोले वो मेरे बड़े भाई है, लेकिन वो फ्रस्टेड हैं। हमारे ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाकर उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा। अगर अभय चौटाला के पास कोई भ्रष्टाचार के सबूत हैं तो पेश करें, ऐसे आरोप लगाने से कुछ नहीं होता।
इस अवसर पर समाजसेवी कप्तान मीनू बेनीवाल को लेकर कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने अपने बयान में कहा कि मीनू बेनीवाल को ऐलनाबाद से चुनाव लड़ने के सवाल की बात है उस पर कहूँगा कि उन्हें यहाँ से चुनाव लड़ना चाहिए। इस क्षेत्र की राजनीति में कप्तान मीनू बेनीवाल जैसे अच्छे लोगों को आना चाहिए, जो जनता की सेवा करना चाहते हैं।

# अंबाला सिटी से पुलिस की गिरफ्त में आई एक बड़ी ड्रग्स तस्कर

## मौका पर 51.95 ग्राम हेरोइन बरामद

विनोद कश्यप प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़



चण्डीगढ़,28 सितम्बरः हरियाणा की अंबाला सिटी से पुलिस ने महिला ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से पुलिस ने 51.95 ग्राम हेरोइन बरामद की है। महिला हेरोइन को अंडर गारमेंट्स में छुपा सप्लाई करने जा रही थी।

### स्टेट एंटी नारकॉटिक सैल

हरियाणा स्टेट एंटी नारकॉटिक सैल ब्यूरो (एच एस एन सी बी ) की टीम ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना पर की। गहन जांच के लिए पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर रही है।

### गश्त के दौरान दबोची महिला

जानकारी के मुताबिक, हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स सैल ब्यूरो की टीम गुरुद्वारा मंजी साहिब चौक के पास गश्त कर रही थी। इस बीच गुप्त सूचना मिली कि डेहा बस्ती अंबाला सिटी निवासी कोमल हेरोइन बेचने का धंधा करती है। आरोपी महिला अपनी एक्टिवा पर अपने घर राम नगर डेहा बस्ती से हेरोइन बेचने के लिए मोटर मार्केट की तरफ जाएगी।

### पुलिस को देख भागने लगी थी महिला

पुलिस ने सूचना के आधार पर जंडी माता मंदिर के सामने नाकाबंदी की। थोड़ी देर बाद कोमल बिना नंबर की एक्टिवा पर डेहा बस्ती की तरफ से आती हुई दिखाई दी। जो पुलिस को देखकर वापस भागने लगी। पुलिस ने पीछा कर महिला को मौके पर ही काबू कर लिया।

नेशनल हाईवे-48 पर सफर आसान करने के लिए चल रहा है ऊंचा करने का काम

# गुरुग्राम से जयपुर तक का सफर नॉन स्टॉप करने के लिए सरकार कर रही जबरदस्त तैयारी- संजीव कौशल

विनोद कश्यप
प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के गुरुग्राम से जयपुर तक का सफर जल्द ही नॉनस्टॉप हो जाएगा। इस मार्ग को पूरी तरह से ऊंचा करने का काम किया जा रहा है। जल्द ही नेशनल हाईवे-48 पर गुरुग्राम-कोटपूतली-जयपुर के बीच मानेसर में एलिवेटेड रोड बनाने का काम शुरू हो जाएगा। यह बात हरियाणा के मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने बताई।
मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बताया कि आज गुरुग्राम और राज्य के अन्य जिलों में बड़ी परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों की समीक्षा के लिए प्रगति-परियोजना निगरानी समूह की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गुरुग्राम से डीसी निशांत कुमार यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए।

मुख्य सचिव ने मानेसर एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे, द्वारका एक्सप्रेस-वे पर एचवीपीएन की 220 केवी एचटी लाइन की शिफ्टिंग और गांव खेड़की माजरा के पास राइट ऑफ वे के उन्नयन और गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी रोड की प्रगति के बारे में उनसे जानकारी ली। डीसी निशांत कुमार यादव ने मुख्य सचिव को इन परियोजनाओं से संबंधित कार्यों की प्रगति की जानकारी दी।
उन्होंने कहा कि एनएच 48 के गुरुग्राम-कोटपुतली-जयपुर खंड पर मानेसर में प्रस्तावित एलिवेटेड रोड से संबंधित कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। इसके लिए एनएचएआई के अधिकारियों को जमीन चिह्नित करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा अन्य औपचारिकताएं भी जल्द पूरी कर ली जाएंगी।
उन्होंने बताया कि द्वारका एक्सप्रेसवे से एचवीपीएन की हाईटेंशन लाइन को शिफ्ट करने का काम तय समय सीमा में पूरा किया जाएगा। इसी तरह उन्होंने एनएच एक्ट के तहत द्वारका एक्सप्रेस-वे पर गांव खेड़की माजरा के पास बन रहे अंडरपास का काम पूरा करने की बात कही। उपायुक्त ने मुख्य सचिव श्री कौशल को बताया कि गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी रोड के अपग्रेडेशन कार्य में वन विभाग से संबंधित कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए वन विभाग और एनएचएआई के अधिकारियों की बैठक भी हो चुकी है। जिससे सभी जरूरी काम तय समय में पूरे हो जाएंगे। इस अवसर पर डीएफओ राजीव तेजायन, एनएचएआई से परियोजना निदेशक धीरज सिंह, एचवीपीएन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## हरियाणा रोडवेज

# पानीपत से खाटूश्यामजी और वृंदावन के लिए सीधे बस सेवाओं की शुरुआत

विनोद कश्यप प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ , 28 सितम्बरः हरियाणा रोडवेज ने पानीपत से श्री खाटूश्याम व वृंदावन के लिए सीधी बस सेवा की शुरूआत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पानीपत हल्का के शहरी विधायक प्रमोद विज व मेयर अवनीत कौर ने पहली बस को झंडी दिखाकर रवाना किया।

### खाटूश्याम के लिए बस

श्री खाटूश्याम के लिए बस पानीपत से शाम 5:20 बजे चलेगी और अगले दिन यही बस श्री खाटूश्याम से शाम 5 बजे वापसी पानीपत के लिए रवाना होगी। श्री खाटूश्याम के लिए यह बस पानीपत से सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलेगी।

### पानीपत से सुबहे 5:30 पर चलेगी

वृंदावन के लिए बस पानीपत से प्रातः 5:30 पर चलेगी और वृंदावन से दोपहर 1 बजे वापसी रवाना होगी। वृंदावन के लिए रोज बस चलेगी। राधाअष्टमी के अवसर पर यह बस बरसाना रुककर निकली। मौके पर जीएम रोडवेज कुलदीप जांगड़ा, विकास गोयल, राकेश बंसल व विवेक कत्याल मौजूद रहे।

# पंचकूला के सिख बुद्धिजीवियों ने गुरूद्वारा इलेक्शन के कार्यालय में आयुक्त से की मुलाकात

अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा

चण्डीगढ़,28 सितम्बर हरियाणा के पंचकूला के सिख समुदाय के प्रमुख लोगों ने हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के लिए बनाई जा रही मतों की धीमी गति को देखते हुए अपनी चिंता व्यक्त की है। इस को ध्यान में रखते हुए आज आयुक्त गुरूद्वारा चुनाव हरियाणा के मुख्य कार्यालय में जाकर पूर्व जस्टिस माननीय स.एच. एस .भल्ला से मिले और वोट बनाने की अवधि को एक माह के लिए बढ़ाने का आग्रह किया।
इस अवसर पर पूर्व जस्टिस भल्ला ने सहानुभूति व्यक्त करते हुए इस पर विचार करने का आश्वासन दिया। पूर्व जस्टिस माननीय भल्ला ने कहा कि यदि तिथि बढ़ाई जाती है तो उसकी सूचना अखबार के माध्यम से सार्वजनिक कर दी जायेगी। ताकि आम लोगों को इसकी जानकारी प्राप्त हो सके। इस कार्य के लिए सिख नेताओं के प्रतिनिधि मंडल ने आयुक्त गुरूद्वारा इलेक्शन का आभार एंव धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर पर मुख्य रूप से शिअद हरियाणा के मलविंदर सिंह बेदी, लोक शक्ति मंच हरियाणा के अध्यक्ष दलजीत सिंह मरड़, विकास मंच पंचकूला के सचिव लखविंदर सिंह सडाना,समाज सेवी जगमोहन सिंह रैली एंव रंजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# राहुल गाँधी के करीबी किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक सुखपाल खैहरा की गिरफ्तारी के बाद पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच सियासत ले रही नई से नई अंगड़ाई

## कांग्रेस को कमजोर करने के लिए अपनाया जा रहा है हर हथकंडा

विनोद कश्यप
प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब, हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के अध्यक्ष व पंजाब के कपूरथला भुलत्थ क्षेत्र से विधायक सुखपाल सिंह खैरा की चंडीगढ़ से गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी और प्रदेश कांग्रेस के बीच सियासत हर दिन नई से नई अंगड़ाई लेती जा रही है। आम आदमी पार्टी पंजाब में अपने पॉव जमाए रखने के लिए हर दिन कांग्रेस पार्टी को कमजोर करने और अपना रुतबा बनाने को उतारू है। मुख्यमंत्री मान की कोशिश है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पंजाब की सभी लोकसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी के ही उम्मीदवार उतारे जाएं। पंजाब में जितने भी कांग्रेसी दिग्गज नेता हैं सबको किसी न किसी बहाने खुड्डे लाईन कर दिया जाए।ताकि कांग्रेस के पास कोई ऐसा नेता ही न बचे जिसके दम पर 'इन्डिया' गठबंधन में राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस पार्टी अपना किसी सीट के लिए दावा ठोक सके। ज्ञातव्य है कि पंजाब में अकाली दल ( बादल), शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के बाद कांग्रेस पार्टी ही ऐसी है जो लोकसभा के साथ साथ विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी को हराने का माद्दा रखती है।
पूरे देश में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का प्रभाव कायम है और 2024 के लोकसभा चुनाव में 'इन्डिया ' गठबंधन की वह सबसे अधिक सीटों पर बाजी मारने की कोशिश में है। लेकिन आम आदमी पार्टी के अरविन्द केजरीवाल भावी प्रधानमंत्री पद पर अपना दावा ठोकने की कोशिश में हैं। पंजाब में उनके खासमखास मुख्यमंत्री भगवंत मान की कोशिश है कि पंजाब में सीटों के बंटवारे के समय कांग्रेस को आगे ही न बढने दिया जाए। ऐसा हुआ तो पंजाब में मान का ही ' इन्डिया' में सिक्का चलेगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मत है कि इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कांग्रेसी नेताओं को घेरने के लिए हर उल्टा- सीधा दांव खेलना शुरू किया है। आज चण्डीगढ़ से कांग्रेसी विधायक सुखपाल खैहरा की गिरफ्तारी भी उसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए का एक हिस्सा माना जा सकता है। जब से पंजाब में कांग्रेस को पराजित कर आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तब से अनेक कांग्रेस नेता लपेटे जा चुके हैं। हर किसी पर कोई न कोई दांव खेला गया था। खैहरा पहले आम आदमी पार्टी में थे। वहाँ से खैहरा ने आम आदमी पार्टी से निराश होकर ही कांग्रेस का दामन थामा था। आप पार्टी को खैरा की जमीनी हकीकत का जैसे पता चला, आप सुप्रीमो ने उनसे दूरी बना ली व पार्टी के कार्यकताओं ने राजनीतिक तौर पर नजरंदाज करना शुरू कर दिया। परंतु अपने कारोबार के बूते क्षेत्र में अपनी पकड़ बनाए हुए सुखपाल सिंह खैरा विधानसभा में पहुंचने में कामयाब रहे। इसके दो प्रमुख कारण थे। पहला क्षेत्र में बतौर आम आदमी पार्टी के नेता के तौर पर स्थापित थे और किसी और को उभरने नहीं दिया। स्थानीय आम आदमी पार्टी इनकी जेब के जमाखर्च से चल रही थी। इससे विधायक बनने में कोई अड़चन नहीं हुई।
1965 में जन्मे सुखपाल सिंह खैरा जो तीसरी बार भुलत्थ निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक बने, जुलाई 2017 से जुलाई 2018 के दौरान पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता भी थे। जुलाई 2022 में राहुल के सिपाहसलार अलंकर सेवाई ने खैरा की सेवा से खुश होकर अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति दिलवा दी। अलंकार ऐसे कई नेताओं को उपकृत करते हुए लाभार्थी हैं। अलंकार राहुल गांधी के किचन कैबिनेट में सबसे ताकतवर होकर उभरे हैं और राजनीतिक नियुक्तियों से लेकर टिकट काटने और बांटने की ताकत रखते हैं। वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी अलंकार से लाभार्थी रहे हैं। खड़गे को अब तक जो भी मिला है, उसमें अलंकार की बड़ी भूमिका रही है। कपूरथला जिले के गांव रामगढ़ से पंचायत सदस्य के रूप में चुने जाने वाले सुखपाल सिंह खैरा कद्दावर अकाली नेता व प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री रहे सुखजिंदर सिंह खैरा के बेटे हैं। सुखपाल सिंह खैरा ने मननजीत सिंह बिट्टा की शागिर्दी में यूथ कांग्रेस से प्रदेश की सक्रिय राजनीति की शुरूआत की थी। 1997, 2002 में दो बार हारे खैरा अपने तीसरे प्रयास में 2007 में कांग्रेस पार्टी की टिकट पर कपूरथला, पंजाब के तहत भोलात्थ से विधायक बने। पार्टी छोड़ने और पार्टी में वापसी का जुगाड़ रखने में माहिर खैरा आप पार्टी में रहते हुए भी अलंकार से जुड़े रहे थे जिन्होंने उनकी कांग्रेस में वापसी ही नहीं करायी

# हरियाणा में सफाई कर्मचारियों के पुनर्वास के लिए नेशनल एक्शन फार मैकेनाइजड सेनिटेशन इकोसिस्टम' नमस्ते' योजना की हुई शुरूआत - संजीव कौशल

विनोद कश्यप
प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः 28 हरियाणा के मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने कहा कि सरकार द्वारा सफाई कर्मियों के पुनर्वास के लिए नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाईजड सेनिटेशन इकोसिस्टम 'नमस्ते' नामक महत्वाकांक्षी योजना शुरू गई है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जनस्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है।
मुख्य सचिव आज यहाँ सफाई कर्मियों के पुनर्वास के लिए क्रियान्वयन योजना को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री ए के सिंह, आयुक्त एवं सचिव श्री पंकज अग्रवाल, श्री विकास गुप्ता, विशेष सचिव श्री प्रभजोत सिंह, चीफ इंजीनियर राकेश कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



मुख्य सचिव ने कहा कि मशीनीकृत स्वच्छता परिस्थितिकी तंत्र अपनाने के लिए "राष्ट्रीय कार्रवाई (नमस्ते) योजना की शुरूआत करना शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता संरचना के संचालन और रखरखाव में प्रमुख योगदान देने वाले स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है।

### स्व-रोजगार एवं कुशल रोजगार के अवसरों तक आसान पहुंच बनाने के लिए कारगर योजना

मुख्य सचिव ने कहा कि इस योजना का लक्ष्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना तथा उनको स्थायी आजीविका प्रदान करना है। इसके साथ ही उनमें क्षमता निर्माण कर सुरक्षित उपकरण एवं मशीनों तक बेहतर पहुंच व उनकी व्यावसायिक सुरक्षा को बढ़ाना है। यह योजना उन्हें स्व-रोजगार एवं कुशल मजदूरी रोजगार के अवसरों तक आसान पहुंच बनाने एवं स्वच्छता कार्य के अंतर को कम करने के लिए कारगर होगी।

# कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने सिरसा के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान खोला सुविधाओं का पिटारा

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी, दैनिक समाज जागरण**
**पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

हरियाणा विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने आज सिरसा के विभिन्न गांवों जोगेवाला, कागदाना, तरकांवाली, नाथूसरी कलां, रंधावा व जमाल आदि गांवों दौरा किया तथा ग्रामीणों से जनसंवाद किया। इस दौरान मंत्री बबली ने 1775.02 लाख रुपये की लागत के आठ उद्घाटन व शिलान्यास भी किए। पंचायत राज्य मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने श्री बबली के समक्ष पीने और सिंचाई के लिए पानी, श्मशान घाटों में रास्ते, चारदीवारी, सैड, अनाज मंडी में परचेज सेंटर, ई-लाइब्रेरी जैसी समस्याएं रखी जिस पर पंचायत मंत्री ने अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनहित में जो भी मांगे हैं उन्हें पूरा किया जाए। श्री बबली ने कहा कि हरियाणा सरकार की सोच है कि गांवों का विकास शहरों की तर्ज पर हो।

पंचायत मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तय समय सीमा में विकास कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए ताकि लोगों को जल्द से जल्द लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। देश के विकास का रास्ता गांवों से होकर गुजरता है, इसलिए स्वच्छता, सुविधा व गांवों के विकास पर फोकस किया जा रहा है। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को तेज करके, एक



ही छत के नीचे सभी सुविधाएं देकर बड़ा परिवर्तन किया गया, जिसका लाभ जनता को मिल रहा है।

सरकार द्वारा गांवों में ई-लाइब्रेरी बनाई जा रही है। गांव के जो बच्चे पहले कोटा, दिल्ली एवं चंडीगढ जैसे महानगरों प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियां करने के लिए जाते थे, वे आज अच्छी से अच्छी कोचिंग के जरिए गांव की लाइब्रेरी में ही बड़ी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं।

# शहीद- ए आजम भगत सिंह की 116 वीं जयंती मनाई धूमधाम से

**कैलाश वर्मा संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

रोहतक सितम्बर' रोहतक के सेक्टर 4 सैनिक पथ पर स्थित हरियाणा पूर्व सैनिक संघ भवन मुख्यालय पर आज पूर्व सैनिकों ने शहीद ए आजम भगत सिंह की 116 वीं जयंती श्रद्धा और जोश के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हरियाणा पूर्व सैनिक संघ के प्रधान कर्नल आर एस मलिक भी उपस्थित रहे ।

पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कर्नल मलिक ने कहा कि राष्ट्र की आजादी के आंदोलन में क्रांतिकारियों का अहम योगदान रहा था । इन अमर बलिदानियों की की क्रांतिकारी गतिविधियों




से अंग्रेजी हुकूमत हिल उठी थी और उन्होंने भारत को नजल्दी आजाद करने की योजना बनाई क्योंकि इन क्रांतिकारियों के बलिदानों से भारत का जन-जन जाग उठा था और आजादी की मांग करने लगा था। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने शहीद ए आजम भगत सिंह की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन कर उनकी कुबार्नी को याद किया। शहीद ए आजम को श्रद्धांजलि देने वालों में हरियाणा पूर्व सैनिक संघ के खजांची रिसलदार मेजर सुखबीर सिंह ,प्रवक्ता के जगबीर मलिक कैप्टन बलवान अहलावत ,कैप्टन सुरेश कुमार , शौर्य चक्र विजेता कैप्टन राजवीर सिंह,सूबेदार मेजर सुरेंद्र मलिक ,सूबेदार जयपाल सिंह ,सूबेदार ओम प्रकाश नरवाल, जिला रोहतक इकाई के प्रधान हवलदार सिलक राम लठवाल ,हवलदार नरेंद्र सिंह, हवलदार नरेश कुमार सिपाही राम रूप मलिक राजवीर सिंह नायब सूबेदार नरेंद्र सिंह सहित दर्जनों पूर्व सैनिक उपस्थित है।

# मुस्लिम व्यापारी वेल्फेयर एसोसिएशन की बैठक का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।मुस्लिम व्यापार वेल्फेयर एसोसिएशन की तरफ से मोहम्मद अकिल के निवास मोहल्ला नाले पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पदाधिकारी व मेंबरों की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि बारा रबि-उल-अव्वल कौ एक कैंप लगाकर तबरूक व शरबत कि सवील लगाकर वितरण किया जाएगा जिससे जुलूस में शिरकत करने वाले लोगों को तबरूक तकसीम किया जा सके सभा को संबोधित करते हुए हाजी ऐहतेशाम ने कहां की 12 रबि-उल-अव्वल और गणेश विसर्जन एक ही दिन है। हम सबको एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखते



हुए अमन शांति के साथ एक दूसरों के कार्यक्रम में शामिल होना चाहिए जिससे आपस में भाईचारा बना रहे। अशरफ एडवोकेट ने अपने विचार व्यक्त करते हुए व्यापारियों की व्यापार में हो रही समस्याओं को उठाया। कुछ नए व्यापारियों को संगठन में जोड़ा गया। सभा मे अशरफ अली अंसारी, हाजी बाबू , हाजी शाकिर, शाहनवाज हुसैन, मोहम्मद नवील, सादिक अंसारी, जमील-उर-रहमान, नईम मलिक, सलमान खान आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे संचालन नाजिम सैफी ने किया मोहम्मद हनीफ ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया।

# राधानंद दीक्षित महाराज को पगड़ी पहना कर दी अवतरण दिवस की बधाई

## हारे के सहारे के लगाये जय-जय कारे

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। श्री श्याम भक्त राधानंद दीक्षित महाराज के अवतरण दिवस के अवसर पर श्याम प्रेमियों ने सुबह से ही सोशल मीडिया के माध्यम से एवं व्हाट्सएप के माध्यम से और फोन कॉल के माध्यम से बधाइयां देनी शुरू की वहीं बीती रात श्याम प्रेमियों ने राधानंद दीक्षित महाराज की कुटिया पर पहुंचकर भगवा रंग की पगड़ी पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी ' कुछ श्याम प्रेमी मिल्क केक लेकर पहुंचे तो कुछ केक ' वहीं राधानंद दीक्षित महाराज ने सर्वप्रथम अपने गुरुदेव भगवान प्रेमानंद जी महाराज की तस्वीर एवं खाटू श्याम की तस्वीर सामने रखकर मिल्क केक का भोग लगाकर तथा पगड़ी उनके चरणों में समर्पित कर श्याम प्रेमियों के हाथों से उसके बाद पहनी ' सभी श्याम प्रेमियों ने वारी-वारी से राधानंद दीक्षित महाराज को मिल्क केक खिलाकर शुभकामनाएं दीं ' उन्होंने कहा मेरे ऊपर मेरे गुरुदेव की



असीम आशीर्वाद है ' उनके ही बताए हुए मार्गदर्शन पर चलकर में भक्ति कर रहा हूं और मेरे आराध्य देव श्याम की कृपा से उनके सपने में बताए गए मार्ग पर चलकर जन कल्याण के लिए बाबा की सेवा कर रहा हूं ' जो भी भक्त दीन दुखियारे श्याम से जुड़ रहे हैं उनको लाभ मिल रहा है,और यह कड़ी काफी बड़ी होती जा रही है ' राधानंद दीक्षित महाराज ने बताया कि जो भक्ति पथ पर चलते हैं असल जीवन उनका सुदामा के जैसा हो जाता है उनके गुरुदेव भगवान की एक-एक बात सत्य है आज राधानंद दीक्षित महाराज की स्थिति भी बिल्कुल सुदामा जैसी है उन्हें संसार की किसी बातों से कोई लेना-देना नहीं है ' फिर भी गवा की जनता के नजर में आज भी पुराना ही मंजर है ' उन्होंने कहा की एक दिन इन लोगों की मानसिकता भी बदलेगी और उनके विचार भी बदलेंगे ऐसा होगा उन्हें श्याम पर पूरा भरोसा है ' वहीं मनीष यादव ने कहा कि जिस आदमी ने इतने बड़ी ख्याति पाने के बाद सब कुछ छोड़कर भक्ति पथ पर चलना शुरू किया सात महीने बीत गए ऐसे लोगों का समाज को भी मिलजुल कर सहयोग करना चाहिए क्योंकि सनातन धर्म का प्रचार प्रसार और गुणगान करने वाले लोग अब रह ही कितने गए हैं,इसलिए हिंदू धर्म को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे लोगों का सभी को सहयोग करना चाहिए ' बाद में हाथीराम बाबा आश्रम पर पहुंचकर हाथीराम बाबा और सीताराम का आशीर्वाद लेकर भजन कीर्तन किया ' इस मौके पर मनीष यादव उर्फ राजा भैया प्रवीण भारद्वाज हरीश यादव हिमांशु शर्मा संतोष शर्मा रामबाबू शर्मा आदि श्याम प्रेमी मौजूद रहे '

# योगी सरकार हमें डराने की कोशिश न करे, हम डरने वाले नहीं हैं- अजय राय

**पूर्व एमएलसी दीपक सिंह के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराना कायरता- अजय राय**
**मुंशीगंज अमेठी के अस्पताल को बंद करवाना स्मृति ईरानी का जन विरोधी कृत्य- अजय राय**
**सरकार को बहाल करना होगा अस्पताल का रजिस्ट्रेशन, हम पीछे हटने वाले नहीं- अजय राय।**

लखनऊ 28 सितंबर 2023। आज जारी एक बयान में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्री अजय राय जी ने कहा की जनसेवा को समर्पित मुंशीगंज, अमेठी स्थित संजय गांधी अस्पताल को षड्यंत्र के तहत बंद करवाना अमेठी, सुल्तानपुर, रायबरेली और प्रतापगढ़ सहित अनेक निकटस्थ जनपदों की आम एवं गरीब जनता के विरोध में लिया गया निर्णय है। इसके पीछे अमेठी की सांसद एवं केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी तथा योगी सरकार है तथा यह उनकी जन विरोधी नीतियों का हिस्सा है। इसी के तहत वहां पर आंदोलनरत पूर्व एमएलसी श्री दीपक सिंह जी के विरूद्ध आज फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है। सरकार हमकों डराना चाहती है लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं।

उन्होने कहा कि इस अस्पताल को खुलवाने के लिए वहां पर लगातार सत्याग्रह एवं धरना चल रहा है जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं स्थानीय नागरिक शामिल हैं। कांग्रेस पार्टी के पूर्व एमएलसी श्री दीपक सिंह जो धरने में शामिल हैं, उनके खिलाफ फर्जी मुकदमा कायम करवाना सरकार की कांग्रेसजनों को डराने की कोशिश है। शांतिप्रिय तरीके से चले रहे सत्याग्रह को कुचलने के लिए एफआईआर दर्ज करवाना योगी सरकार की कायरता है। लेकिन कांग्रेस पार्टी और इसके



नेता एवं कार्यकर्ता डरने और झुकने वाले नहीं है । यह आंदोलन अस्पताल की मान्यता बहाल होने एवं सुचारू रूप से पुनः चालू होने पर ही समाप्त होगा।

उन्होंने कहा की इस अस्पताल के माध्यम से आसपास के जनपद वासियों को सुलभ एवं सस्ता इलाज मिलता था, आंख का भी बेहद सस्ते दामों पर ऑपरेशन संभव हो पाता था, लोगों की जान बचाई जाती थी। इससे भयभीत स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी एवं प्रदेश की योगी सरकार ने साजिश के तहत इस अस्पताल की मान्यता समाप्त कर इसे सील करवा दिया है। इस कुकृत्य से जनता में व्यापक आक्रोश है, आम जनता एवं आसपास के जिलों के कांग्रेस जन वहां पर लगातार आंदोलनरत हैं। इससे घबराकर प्रदेश सरकार ने अपने स्थानीय सांसद के इशारे पर श्री दीपक सिंह पूर्व एमएलसी के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज करवा दिया है, यह बेहद निंदनीय कृत्य है।

उन्होंने कहा की श्रीमती स्मृति ईरानी अथवा योगी सरकार कांग्रेसजनों को डराने की लाख कोशिश कर ले लेकिन हम डरने वाले नहीं है। हम ड़रने एवं झुकने वाले नहीं हैं। यह एक जन विरोधी और गरीब विरोधी कार्य है जिसका हम डटकर मुकाबला करेंगे। आम जनता की सेवा के इस मंदिर को हम बंद नहीं होने देंगे चाहे कितने भी एफआईआर दर्ज कर दिए जाएं, उत्पीड़न और दमन की कितनी भी कार्यवाहियां की जाए हम डटकर मुकाबला करेंगे, लड़ेंगे और जीतेंगे।

# पितरों के श्राद्धा प्रकट करना ही है श्राद्ध

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।पितृ पक्ष का सनातन धर्म में बहुत अधिक महत्व होता है। पितृ पक्ष को श्राद्ध पक्ष के नाम से भी जाना जाता है। पितृ पक्ष में पितरों का श्राद्ध और तर्पण किया जाता है। इस पक्ष में विधि- विधान से पितर संबंधित कार्य करने से पितरों का आशार्वाद प्राप्त होता है। पितृ पक्ष की शुरूआत भाद्र मास में शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि से होती है। आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि तक पितृ पक्ष रहता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दौरान पितर संबंधित कार्य करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती

श्राद्ध का अर्थ श्रद्धा पूर्वक अपने पितरों को प्रसन्न करने से है। सनातन मान्यता के अनुसार जो परिजन अपना देह त्यागकर चले गए हैं, उनकी आत्मा की तृप्ति के लिए सच्ची श्रद्धा के साथ जो तर्पण किया जाता है, उसे श्राद्ध कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि मृत्यु के देवता यमराज श्राद्ध पक्ष में जीव को मुक्त कर देते हैं, ताकि वे स्वजनों के यहां जाकर तर्पण ग्रहण कर सकें। जिस किसी के परिजन चाहे वह विवाहित हो या अविवाहित हों, बच्चा हो या बुजुर्ग, स्त्री हो या पुरुष उनकी मृत्यु हो चुकी है उन्हें पितर कहा जाता है। पितृपक्ष में मृत्युलोक से पितर पृथ्वी पर आते है और अपने परिवार के लोगों को आशीर्वाद देते हैं। पितृपक्ष में पितरों की आत्मा की शांति के लिए उनको तर्पण किया जाता है। पितरों के प्रसन्न होने पर घर पर सुख शान्ति आती है।

पितृ पक्ष में मृत्यु की तिथि के अनुसार श्राद्ध किया जाता है। अगर किसी मृत व्यक्ति की तिथि ज्ञात न हो तो ऐसी स्थिति में अमावस्या तिथि पर श्राद्ध किया जाता है। इस दिन सर्वपितृ श्राद्ध योग माना जाता है।

पूर्णिमा श्राद्ध - 29 सितंबर 2023-
प्रतिपदा श्राद्ध - 29सितंबर 2023
द्वितीया 30सितंबर2023
तृतीया श्राद्ध - 1 अक्टूबर 2023
चतुर्थी श्राद्ध - 2अक्टूबर 2023
पंचमी श्राद्ध - 3अक्टूबर 2023
षष्ठी श्राद्ध - 4अक्टूबर 2023
सप्तमी श्राद्ध - 5अक्टूबर 2023
अष्टमी श्राद्ध- 6अक्टूबर 2023
नवमी श्राद्ध - 7अक्टूबर 2023
दशमी श्राद्ध - 8अक्टूबर 2023
एकादशी श्राद्ध - 9अक्टूबर 2023
10अक्टूबर 2023 कोई श्राद्ध नही है
द्वादशी श्राद्ध- 11अक्टूबर 202
त्रयोदशी श्राद्ध - 12अक्टूबर 2023
चतुर्दशी श्राद्ध- 13अक्टूबर 2023
अमावस्या श्राद्ध- 14अक्टूबर 2023

इस प्रकार 29 सितम्बर से शुरू हो रहे पितृ पक्ष, 14 अक्टूबरको समाप्त होंगे।



**ज्योतिषाचार्य पं शोभित शास्त्री**
**श्री विनायक ज्योतिष केंद्र**
**श्री कल्कि नगरी सम्भल**

# बाप ने घर बसाने का काम किया और बेटे ने घर उजाड़ने का किया काम-- सुभाष सोनी व मीनू

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) :- गांव ढाणी गारण में प्रशासन द्वारा पंचायती जोहड़ की जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए तीन मकानों को पीला पंजा चला कर ढहा दिया गया है एहतियात के तौर पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट पंचायती राज एसडीओ राजेंद्र मुवाल और लेडी पुलिस समेत अनेक पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे इन तीन मकानों में से एक मकान में रह रहे एक दंपति सुभाष सोनी व मीनू ने सरकार, प्रशासन व पंचायत की कार्रवाई पर कड़ा एतराज जताया और बताया कि लगभग 28 वर्ष पूर्व 7 नवंबर 1995 को सरपंच व पंचायत द्वारा हस्ताक्षर करके लिखकर दिया हुआ है कि पंचायती जोहड़ की यह जमीन मकान बनाकर रहने के लिए दी हुई थी इस जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ली गई हजारो रुपए की राशि भी इसी मकान को बनवाने में लगाई हुई थी इसके अलावा लाखों रुपए की राशि का लोन भी इसी मकान को बनाने में लगाया हुआ थो यहां तक की इस दंपति ने इस मकान को बनाने के लिए अपने जेवर तक बेच दिए थे सरकार, प्रशासन व पंचायत ने जिंदगी भर की मेहनत की कमाई पर पीला पंजा चलाकर बर्बाद कर दिया है और बसे हुए घरों को उजाड़ने का काम किया है इस दंपति ने बताया कि सन 1995 में जिस सरपंच ने रहने के लिए यह पंचायती जमीन लिखकर व हस्ताक्षर करके दी थी वो सरपंच वर्तमान सरपंच



प्रतिनिधि के पिता थे बाप ने तो एक परिवार का घर बसाने का काम किया था परंतु बेटे ने उसी परिवार का घर उजाड़ दिया है यह परिवार अब सड़कों पर आ गया है सरकार, प्रशासन व पंचायत की गलत कार्रवाई व बेरुखी को लेकर इस दंपति ने परिवार समेत जिंदगी खत्म करने की धमकी भी दी है इस दुखी दंपति ने सरकार, प्रशासन व पंचायत से उचित न्याय दिलवाए जाने की मांग की है ताकि घर उजड़ने से बच सकें

क्या कहते हैं ड्यूटी मजिस्ट्रेट:- जब इस बारे ड्यूटी मजिस्ट्रेट एसडीओ पंचायती राज राजेंद्र मुवाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस पंचायती जोहड़ की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने का अदालत में केस चला थो पंचायती जमीन पर कब्जा करने वाले अदालत से केस हार गए थे अदालत से फैसला आने के बाद अवैध कब्जाधारियों को अपने-अपने मकान खाली करने के कई बार नोटिस दिए गए परंतु इन अवैध कब्जाधारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेगीं और इनके द्वारा मकान खाली नहीं किए गए तथा कब्जा नहीं हटाया गयो तब जाकर प्रशासन द्वारा यह पीला पंजा चला कर पंचायती जोहड़ की जमीन पर किए गए कब्जो को ढहाया गयो

क्या कहते हैं सरपंच प्रतिनिधि :- जब इस बारे मौके पर मौजूद सरपंच प्रतिनिधि रोहतास दुग्गल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सन 1995 में सरपंच द्वारा सिर्फ कागज पर लिखकर व हस्ताक्षर करके दिया हुआ था परंतु वो प्रस्ताव पंचायत के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं करवाया गया था और ना ही प्रशासन के पास इसका कोई सबूत थो जिसके चलते इस अवैध कब्जो पर पीला पंजा चला कर इन तीनों मकानो को ढहा दिया गया है अब इस पंचायती जमीन को जोहड़ में मिलाकर जोहड़ को सुंदर रूप दिया जाएगो इस अवसर पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट पंचायती राज एसडीओ राजेंद्र मुवाल, पंचायत अधिकारी ओम प्रकाश, ग्राम पंचायत सचिव देसराज, कानूनगो भगवान दास, पटवारी सुशील कुमार, सरपंच प्रतिनिधि रोहतास दुग्गल व कर्मवीर जलंधरा समेत गांव के अनेक मौजिज लोग मौजूद रहे

# बांधवगढ़ विधानसभा में लगातार 20 वर्षों से भाजपा के एक ही परिवार का कब्जा

उमरिया मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए बांधवगढ़ विधानसभा की सियासी बिसात पर अपने पासे फेंकने के लिए सभी दल तैयार हैं। उमरिया जिले के बांधवगढ़ विधानसभा में संगठनात्मक रूप से सियासी सरगर्मियां तेजी पकड़ रही हैं। बांधवगढ़ विधानसभा पूर्व में उमरिया विधानसभा के नाम से जानी जाती रही है, परन्तु वर्ष 2008 के परिसीमन में बांधवगढ़ विधानसभा जनजाति आरक्षित हो गई और इसका विधानसभा क्रमांक 89 हो गया। भौगोलिक दृष्टि से परिसीमन के बाद कई क्षेत्र जोड़े गए और कई क्षेत्रों को जिले की दूसरी मानपुर विधानसभा में हस्तांतरित कर दिया गया। परिसीमन के बाद आरक्षित सीट होने की वजह झंडा बुलंद कर रखा है। बांधवगढ़ विधानसभा में क्षेत्रीय स्तर पर जनजाति वर्ग के नेता सक्रिय हुए और इनकी राजनीतिक पृष्टभूमि भी मजबूत हुई कि भाजपा ने परिसीमन से पूर्व ही वर्ष 2003 में भविष्य के राजनीतिक बदलाव को भांप लिया उमरिया अनारक्षित सीट से जनजाति नेता ज्ञान सिंहको उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा था। इस चुनाव में ज्ञान सिंह ने कांग्रेस के कद्दावर नेता अजय सिंह को शिकस्त देकर राजनीतिक अखाड़े में जीत दर्ज की थी। इस सीट पर 2003 के बाद हुए चारों विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की।

विधानसभा के उपचुनाव में ज्ञान सिंह के पुत्र शिवनारायण सिंह भाजपा से निर्वाचित हुए इसके बाद 2018 में भी विधानसभा के आम चुनाव में शिवनारायण सिंह जीत दर्ज करते हुए विधायक बने। कुल मिलाकर परिसीमन के बाद उमरिया से बांधवगढ विधानसभा में तब्दील हुई आरक्षित इस सीट पर फिलहाल वर्ष 2003 के चुनाव के बाद से ही बीते 20 वर्षों में भाजपा ने मजबूती से जीत का की वजह से उन्हें पराजय मिली।हालांकिः परिसीमन के बाद दूसरा जनजाति समाज भी विधानसभा चुनाव मैदान में कूदा है, परन्तु जातीय समीकरणगोंड जाति का जनाधार ज्यादा मजबूत है किस विधानसभा क्षेत्र में बैगा एवं कोल जनजाति के लोग भी बहुतायत में है लेकिन उनकी संख्या गोंड जनजाति से कम है।बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक परिदृश्य चाहे जो भी रहा हो परंतु इस क्षेत्र में चुनावी लड़कों के लिए चुनौतियां भी कम नहीं है। स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं पर सरकार ने काम तो किया अलावा कोल एवम बैगा जनजाति भी है, पर गोड है पर क्षेत्र के विकास के नाम पर यह नाकाफी है। बांधवगढ़ विधानसभा में स्वास्थ्य सुविधाओं का भी टोटा बना हुआ है।जनसंख्या के आधार पर बांधवगढ़ विधानसभा में जनजाति समुदाय 65 फीसदी से अधिक निवासरत है। उमरिया विधानसभा का इतिहास राजनीतिक महकमे में काफी महत्वपूर्ण है 56 वर्ष पहले वर्ष 1967 में उमरिया राजनीतिक घराने का बहुचर्चित चेहरा रणविजय प्रताप सिंह (बाबू साहब पहली बार कांग्रेस के टिकट से चुनावी मैदान पर उतरे थे और जीत दर्ज की थी. परन्तु चुरहट से अपने प्रतिद्वंदी चन्द्र प्रताप तिवारी से पराजित होने के बाद कुवर अर्जुन सिंह ने रणविजय प्रताप सिंह (बाबू साहब) से उमरिया सीट से लड़ने का आग्रह किया था, जिसके बाद रणविजय सिंह बाबू साहब ने जनमत संग्रह के आधार पर सीट खाली की और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अर्जुन सिंह इस सीट से वर्ष 1968 में विजयी हुए। इसके अलावा राजनीतिक गलियारे में इस चर्चा ने भी जोर पकड़ा था कि बाद में अर्जुन सिंह के पुत्र अजय सिंह राहुल भी इस सीट से किस्मत आजमाना कह रहे थे, पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने इसकी सहमति नहीं दी थी। 1967 के बाद 1972 और 1985 में रणविजय प्रताप सिंह (बाबू साहब) पुनः विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी हुए और जीत हासिल की। रणविजय प्रताप सिंह अपनी साफगोई, ईमानदारी और आम लोगों के प्रति सहजता के रूप में जाने जाते रहे हैं। वर्ष 2016 में लोकसभा के उपचुनाव में बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक ज्ञान सिंह को भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी बनाया और वह विजय भी हुए लोकसभा उपचुनाव में बांधवगढ़ विधानसभा खाली होने के उपरांत उनके पुत्र शिवनारायण सिंह को भारतीय जनता पार्टी से टिकट प्रदान की गई और भारतीय जनता पार्टी से विधायक निर्वाचित हुए उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती सावित्री सिंह को पराजित किया।

**पिता तीन बार पुत्र दो बार रहे विधायक**

विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी दोनों ही दल से पिता एवं पुत्र विधायक रहे। कांग्रेस पार्टी से स्वर्गीय रणविजय प्रताप सिंह तीन बार विधायक रहे तो उनके पुत्र नरेंद्र प्रताप सिंह एवं अजय सिंह एक-एक बार विधायक रहे। सभी अनारक्षित सीट पर विधायक रहे। वहीं भारतीय जनता पार्टी से भी पिता एवं पुत्र विधायक रहे जिसमें ज्ञान सिंह तीन बार तो उनके पुत्र शिवनारायण सिंह दो बार विधायक रहे जिसमें पहली बार वे उपचुनाव में विधायक बने तो दूसरी बात 2018 के विधानसभा आम चुनाव में।

**घटता जा रहा जीत का अंतर**

भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी उमरिया जिले की बांधवगढ़ विधानसभा सीट से लगातार 20 वर्षों से निर्वाचित होते आ रहे हैं और उनका कब्जा इस विधानसभा क्षेत्र में बना हुआ है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी का जीत का अंतर कम होते जा रहा है। स्थिति तो यह रही की वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र से शिवनारायण सिंह को भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशी बनाया और कांग्रेस पार्टी ने डॉ ध्यान सिंह को प्रत्याशी बनाया। 2018 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी शिवनारायण सिंह ने मात्र 3900 मतों से कांग्रेस प्रत्याशी ध्यान सिंह को पराजित किया।

**एक ही परिवार को मिल रही है टिकट**

उमरिया जिले की इस विधानसभा सीट से वर्ष 2003 से अभी तक एक ही परिवार को भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी से टिकट दिया है। पार्टी के ही अंदर खानों में परिवारवाद का विरोध तो होता रहा है लेकिन परिवारवाद का विरोध बाहर नहीं आ पा रहा है। जबकि इस विधानसभा सीट से पार्टी की सेवा करने वाले संगठन के ही अन्य नेता एवं नेत्रियां टिकट भी मांग रही हैं। अभी तक शहडोल संभाग से भारतीय जनता पार्टी ने दो विधानसभा क्षेत्र में टिकट की घोषणा की है जिसमें अभी तक सिर्फ पुरुष को ही टिकट दिया गया है। इस विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने अभी तक किसी महिला को टिकट नहीं दिया गया है। इस विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम सिंह भी टिकट की प्रबल दावेदार हैं जो की पूर्व में जनपद पंचायत करकेली की अध्यक्ष रह चुकी है और कई वर्षों से पार्टी से जुड़ी हुई है।

